

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षो से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

मतलब कि दुनियां में कौन किसी का होता है,धोखा वही देता है,जिस पर भरोसा होता है..!

वर्ष : 16 अंक : 213 | उज्जैन, सोमवार 12 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं के अश्लील पोस्ट पर एक्स ने गलती मानी, कहा- भारत के कानून के हिसाब से काम करेंगे



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सरकार की आपत्तियों के बाद इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने महिलाओं के अश्लील पोस्ट के मामले में अपनी गलती मानते हुए 3500 कंटेंट को हटा दिया है। इस प्रकार के कंटेंट का सृजन करने वाले 600 से अधिक खातों को बंद भी कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय की तरफ से महिलाओं के अश्लील कंटेंट को लेकर आपत्ति उठाई गई थी और एक्स को 72 घंटे के भीतर इन कंटेंट को हटाते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के प्लेटफार्म एक्स ने इस मामले में अपनी गलती मानते हुए इस बात का आश्वासन दिया है कि भारत में एक्स यहां के कानून के हिसाब से काम करेगा। मंत्रालय ने अश्लील पोस्ट के नहीं हटाने पर आईटी एक्ट के तहत प्लेटफार्म के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी। एक्स के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल ग्रोक व अन्य माध्यमों से महिलाओं की तस्वीर को डालकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने का कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था। इस मामले में शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। एआई टूल के माध्यम से एक्स पर पोस्ट की गई आम महिला की तस्वीरों के साथ इस प्रकार के छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे थे। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि एक्स ने अपनी गलती तो मान ली है और भविष्य में भारत के कानून के हिसाब से प्लेटफार्म के संचालन का भरोसा भी दिया है, लेकिन इस प्रकार के मामले में और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। मंत्रालय कार्रवाई से बहुत संतुष्ट नहीं है। मंत्रालय ने एक्स को एआई से बनाए गए कंटेंट के गलत इस्तेमाल पर स्वत- रोक लगाने के लिए टेक्निकल टूल की तैनाती के साथ उन सभी के खातों को समाप्त करने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले एक्स प्लेटफार्म पर अश्लील वीडियो के भी मामले सामने आए थे।सरकार की तरफ से भारत में किसी भी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट को चलाने की सख्त मनाही है।

### घरेलू पर्यटकों के दम पर चमका गोवा, पहुंचे 1 करोड़ सैलानी; विदेशी टूरिज्म की रफ्तार धीमी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गोवा में पर्यटन एक बार फिर रफ्तार पकड़ चुका है। साल 2025 में राज्य ने पहली बार कुल पर्यटकों की संख्या में 1 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। यह बढ़त मुख्य रूप से घरेलू पर्यटकों की वजह से आई है। हालांकि, विदेशी पर्यटकों की संख्या अब भी कोरोना से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पाई है और इसमें बड़ी कमी बनी हुई है। साल 2017 में गोवा में 8.9 लाख विदेशी पर्यटक आए थे, लेकिन 2025 में यह संख्या घटकर 5.2 लाख रह गई। यानी विदेशी पर्यटकों की संख्या अभी भी करीब 42 प्रतिशत कम है। इसके उलट घरेलू पर्यटन में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। 2017 में जहां 68.9 लाख घरेलू पर्यटक आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर रिकॉर्ड 1 करोड़ तक पहुंच गई। इसी वजह से कुल पर्यटकों की संख्या लगभग 1.1 करोड़ हो गई। विदेशी पर्यटकों की गिरावट सबसे ज्यादा चार्टर फ्लाइट से आने वाले सैलानियों में देखने को मिली। 2017 में गोवा में 1024 चार्टर उड़ानें आई थीं, जिनसे करीब 2.5 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन 2025 में चार्टर फ्लाइट की संख्या घटकर सिर्फ 189 रह गई और यात्रियों की संख्या भी गिरकर 40,336 हो गई।

चार्टर फ्लाइट और एयर कनेक्टिविटी की स्थिति - कोरोना के बाद मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शुरू होने और दाबोलिम एयरपोर्ट के साथ मिलकर संचालन के बावजूद चार्टर ट्रैफिक में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। पर्यटन विभाग के मुताबिक, हालांकि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ी है, लेकिन चार्टर से आने वाले विदेशी पर्यटक अब भी पुराने स्तर तक नहीं लौटे हैं। निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के जरिए आने वाले विदेशी पर्यटकों में स्थिति थोड़ी बेहतर रही, लेकिन यहां भी पूरी रिकवरी नहीं हो पाई। 2017 में ऐसी उड़ानों से करीब 3.4 लाख विदेशी पर्यटक आए थे, जबकि 2025 में यह संख्या लगभग 2.4 लाख रही।

# युवा दिवस पर 12 जनवरी से प्रदेश में शुरू होगा संकल्प से समाधान अभियान

## शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं में हितग्राहियों को दिया जाएगा लाभ



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुशासन और स्वराज के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर शुरू होने वाले इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये अभियान 4 चरणों में चलाया जायेगा। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित होगा, जिसका एक नोडल अधिकारी होगा। सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जायेगी। पोर्टल में एक प्रथम माड्यूल तैयार कर अधिकारियों एवं नागरिकों के लिए लॉगिन क्रिएट करने की सुविधा दी जाएगी।

अभियान का प्रथम चरण- संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों के वार्ड में नगरीय वार्ड स्तरीय समिति बनाना होगी जिसमें ग्राम/नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे।

पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया जाएगा, जिसका एक नोडल अधिकारी होगा। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं/सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को शिविर लगाकर या घर-घर जाकर एकत्रित करेगा। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करे।

पोर्टल पर दर्ज करने के बाद सभी आवेदनों को क्लस्टर/जोन लेवल के अधिकारी के पास जमा किया जाएगा। क्लस्टर/जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिये प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेगा ।

अभियान के प्रारंभिक चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा जिलेवार कलेक्टर एवं कमिश्नर की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समय-समय पर की जाएगी।

अभियान का दूसरा चरण- अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी, 2026 से प्रारंभ होकर 16 मार्च, 2026 तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार/नायब तहसीलदार/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/मुख्य नगर पालिका अधिकारी /विकासखंड शिक्षा अधिकारी/जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

द्वितीय चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन के साथ शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये शिविर लगाए जाएंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारिण संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर/जोन तैयार किया जाए। क्लस्टर/जोन लेवल पर शिविर लगाने के लिये समय सारिणी जिले द्वारा तैयार किये जाएंगे। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन/शिकायतों का निराकरण क्लस्टर/जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण पोर्टल पर क्लस्टर/जोन लेवल के नोडल अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा।

अभियान का तीसरा चरण- अभियान का तीसरा चरण दिनांक 16 मार्च, 2026 से 26 मार्च, 2026 तक चलेगा। इस चरण में विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण में ब्लॉक नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए आएंगे, जिसमें क्लस्टर, जोन लेवल पर अनिराकृत आवेदन व शिकायतों/नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। विकासखण्ड मुख्यालयों में जहाँ नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा विहित पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। बड़े शहरों यथा नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं में जनसंख्या के अनुसार क्लस्टर/जोन का निर्धारण किया जाएगा।

अभियान का चतुर्थ चरण- अभियान का चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च, 2026 तक चलेगा। इसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायती आवेदनों के साथ नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी।

# बिना बीमा वाहन और लापरवाह ड्राइविंग पर सख्ती, मोटर वाहन कानून में बदलाव की तैयारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सड़कों पर बिना बीमा चलने वाले वाहनों और लापरवाह ड्राइविंग पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव की तैयारी कर रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ऐसे वाहनों को जब्त करने का अधिकार देने और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों को सख्त करने के प्रस्ताव रखे हैं। इसके साथ ही ड्राइवर के व्यवहार को बीमा प्रीमियम से जोड़ने की भी योजना है।

मंत्रालय ने इस हफ्ते राज्यों के परिवहन मंत्रियों और आयुक्तों के साथ बैठक में मोटर वाहन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों का मसौदा साझा किया। इसके तहत प्रवर्तन एजेंसियों को यह अधिकार देने की बात कही गई है कि वे बिना बीमा चल रहे वाहनों को हिरासत में ले सकें। साथ ही यह भी प्रस्ताव है कि जिन लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस पिछले तीन साल में रद हुआ है, उन्हें नया लाइसेंस जारी न किया जाए।

कैसे तय होगा बीमा प्रीमियम- इसके अलावा, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 147 में संशोधन का प्रस्ताव है, ताकि बीमा नियामक IRDAI को वाहन की उम्र और चालान इतिहास के आधार पर बीमा प्रीमियम और देनदारी तय करने का अधिकार मिल सके। इसका मकसद यह है कि बीमा की कीमत ड्राइवर के व्यवहार से जुड़ी हो और बार-बार नियम तोड़ने वालों को ज्यादा प्रीमियम देना पड़े।

एक अधिकारी ने कहा कि चालान का रिकॉर्ड यह बताने के लिए काफी होता है कि वाहन कैसे चलाया जा रहा है। फिलहाल थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के लिए आधार प्रीमियम और देनदारी सरकार तय करती है, वह भी IRDAI से सलाह लेकर। बावजूद इसके, खासकर दोपहिया वाहनों में बड़ी संख्या ऐसे वाहनों की है जिनके पास वैध बीमा नहीं है।

ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में बदलाव- ड्राइवर के व्यवहार को लाइसेंस प्रणाली से जोड़ने के लिए मंत्रालय ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 9 में भी संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जो ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण से जुड़ी है। इसके तहत ऐसे आवेदकों को ड्राइविंग टेस्ट से छूट नहीं दी जाएगी, जिनके चालान रिकॉर्ड से असुरक्षित ड्राइविंग सामने आती है। अभी नियम है कि लाइसेंस की समाप्ति से एक साल पहले नवीनीकरण कराने पर ड्राइविंग टेस्ट जरूरी नहीं होता।

इस प्रस्ताव पर विशेषज्ञों ने चिंता भी जताई है। दिल्ली के पूर्व उप परिवहन आयुक्त अनिल छिकारा का कहना है कि 15 साल की लाइसेंस वैधता अवधि में चालान होना आम बात है और इससे व्यवस्था बहुत हद तक व्यक्तिपरक हो सकती है। उनके मुताबिक, हर नवीनीकरण से पहले ड्राइविंग टेस्ट अनिवार्य होना चाहिए और जिनका लाइसेंस रद्द हुआ है, उन पर पूरी तरह से नया लाइसेंस देने की रोक नहीं लगनी चाहिए, खासकर तब जब जांच में उनकी गलती न पाई जाए।

मंत्रालय ने भारी और बड़े वाहनों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस लेने की पात्रता में भी बदलाव का प्रस्ताव रखा है।

### आंध्र प्रदेश में महिला के साथ मारपीट, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** विजयवाड़ा में एक महिला ने सोशल मीडिया पर बताया कि वह अपने कार्यस्थल की ओर जा रही थी जब एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर हमला किया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

महिला ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान कोई भी आसपास खड़ा व्यक्ति उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई।

जगदंबा जंक्शन रोड पर हुआ हमला- हमले के अनुसार, महिला विजयवाड़ा के जगदंबा जंक्शन रोड पर थी जब एक अज्ञात व्यक्ति ने उस पर हमला किया। हमलावर ने महिला को थप्पड़ मारा और उसके साथ गाली-गलौज की।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो- हमले के बाद, महिला ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया जिसमें उसने अपनी आपबीती सुनाई।

उसने कहा, मैं गुस्से में हूं और दुखी हूं कि कोई भी सड़क पर मेरी मदद के लिए आगे नहीं आया। अगर उसने मुझे चाकू मार दिया होता तो क्या लोग सिर्फ देखते रहते? महिला के वीडियो को हजारों लोगों ने शेयर किया और तुरंत कार्रवाई की मांग की।

### मनरेगा के सिस्टम में ही छुपी थी फर्जीवाड़े की गुंजाइश, सिर्फ कागजों पर हुए थे करोड़ों के काम



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में वर्षों तक चले फर्जीवाड़े को अगर सिर्फ भ्रष्टाचार कहकर अनदेखी कर दी जाए तो पूरा सच नहीं होगा। वास्तविकता यह भी है कि प्रारंभ में मनरेगा का सिस्टम ही ऐसा बनाया गया था, जिसने गड़बड़ियों, लूट एवं फर्जीवाड़े को आसान कर दिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय की निगरानी जांच में बात आई कि शुरुआती वर्षों में योजना की निगरानी और रिकॉर्ड व्यवस्था बेहद कमजोर थी।

कई जगह करोड़ों रुपये के काम कागजों में दिखाए गए, लेकिन जमीन पर न सड़क बनी, न तालाब और न ही मेड़। काम की न तस्वीरें होती थीं, न उसकी लोकेशन दर्ज होती थी और न ही कोई पुख्ता रिकार्ड रखा जाता था। निरीक्षण की व्यवस्था भी लगभग नाम की थी, जिससे फर्जी परिसंपत्तियां सालों तक फाइलों में बनी रहती थीं। उनका रखरखाव भी कागजों पर दिखाया जाता रहा और भुगतान होता रहा।

मनरेगा की यह पूरी कहानी यही बताती है कि जब व्यवस्था ढीली होती है तो फर्जीवाड़े का रास्ता अपने आप बन जाता है। श्रमिकों की पहचान भी बड़ी समस्या थी। एक ही व्यक्ति के नाम पर कई जाब कार्ड बना दिए जाते थे। कई मामलों में मृत लोगों के नाम पर भी मजदूरी का भुगतान होता रहा। असली मजदूरों तक पूरा पैसा पहुंचने के बजाय बिचौलियों की एक पूरी श्रृंखला सक्रिय थी, जो नीचे से ऊपर तक सिस्टम में घुसी हुई थी।

### देश में वायु प्रदूषण गंभीर संकट, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस ने किया दावा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम अब नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी)यानी कागजी दिखावा बनकर रह गया है। देश भर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट के मद्देनजर पार्टी ने सरकार से एनसीएपी के तहत उपलब्ध कराए जाने वाले केंद्रीय फंड में बड़ी वृद्धि करते हुए इसे कानूनी आधार देने की भी मांग की है।

इन सुधारों के साथ एनसीएपी को देश के सबसे अधिक प्रदूषित 1,000 शहरों-कस्बों तक विस्तार देने की जरूरत बताते हुए पार्टी ने दावा किया कि पूरे देश में हवा की गुणवत्ता का संकट है और इसमें सुधार की केंद्र सरकार की पहल बेहद अप्रभावी और अपर्याप्त है। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को बयान जारी करते हुए कहा कि सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के एक नए विश्लेषण में पूरे भारत में हवा की खराब गुणवत्ता के सबसे खराब छिपे रहस्य को उजागर कर दिया है।

### ईडी के कहने पर दोबारा हुई बंद केस की पड़ताल, निकला 2000 करोड़ का घोटाला



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पुलिस किसी केस की जांच बंद कर दे और फिर उसमें 2000 करोड़ रुपये का घोटाला निकल आए। ऐसा कम ही होता है। लेकिन राजस्थान में ऐसा हुआ है। राजस्थान पुलिस ने मिड डे मिल घोटाले के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए अदालत में क्लोजर रिपोर्ट लगा दी।

लेकिन ईडी के कहने पर इसकी दोबारा जांच शुरू हुई तो राजस्थान पुलिस को ही 2000 करोड़ रुपये के घोटाले के सबूत मिल गए। अब राजस्थान पुलिस ने नई एफआइआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। दरअसल मामला कोरोना काल में राजस्थान के 66,341 शिक्षण संस्थानों में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले 62.67 लाख छात्रों को मिड डे मिल देने का है।

कोरोना के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे। इसे देखते हुए बच्चों को घर पर ही खाद्य सामग्री और उससे खाना बनाने में लगने वाले खर्च को पहुंचाने का फैसला किया गया था। मार्च 2020 से मार्च 2022 तक यह प्रक्रिया चली। लेकिन बच्चों को मिड डे मिल नहीं मिलने की बहुत सारी शिकायतें मिलने के बाद राजस्थान पुलिस ने अलग-अलग एफआइआर दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी।

राजस्थान पुलिस की एफआइआर को आधार बनाते हुए ईडी ने इस मामले में मनी लांड्रिंग की जांच भी शुरू कर दी।

# निजी स्वार्थ नए बुनियादी ढांचे के विरोध का वैध आधार नहीं, CJI सूर्यकांत की सख्त टिप्पणी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने गौहाटी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा असम के उत्तरी गुवाहाटी क्षेत्र में नए एकीकृत अदालत परिसर के विरोध पर आश्चर्य व्यक्त किया, जिसकी नींव उन्होंने रविवार को ही रखी थी। उन्होंने कहा कि नए बुनियादी ढांचे के विकास का विरोध करने के लिए निजी स्वार्थ वैध आधार नहीं होना चाहिए।

उत्तरी गुवाहाटी के रंगमहल में इस परिसर की आधारशिला रखने के बाद चीफ जस्टिस (सीजेआइ) ने कहा कि एकीकृत अदालत परिसर भविष्य की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया गया है। देश की न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस पेशे में आने वाले लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बाध्य हैं।

चीफ जस्टिस ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि गौहाटी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन (जीएचसीबीए) नए एकीकृत अदालत का विरोध कर रहा है, जिसमें गौहाटी हाईकोर्ट भी स्थित होगा। उन्होंने आगे कहा कि नए अदालत परिसर का विरोध करने वाले या तो गलत जानकारी रखते हैं या बार के नए सदस्यों की जरूरतों को नहीं समझते। व्यक्तिगत स्वार्थ भविष्य के बुनियादी ढांचे के विकास का विरोध करने का वैध आधार नहीं होना चाहिए।



# जेपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल का 25वां वार्षिक उत्सव भव्यता के साथ सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जेपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल का 25वां वार्षिक उत्सव लाभमंडपम ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास और सांस्कृतिक भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम वरिष्ठ पत्रकार श्री नवनीत शुक्ला एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईएमएस विभाग के प्राध्यापक एवं शिक्षाविद डॉ. सचिन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती संध्या राय, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) महिला सुरक्षा शाखा पुलिस कमिश्नरेट इंदौर तथा श्री शिवम ठक्कर, सब इंस्पेक्टर, ट्रेनिंग एंड अवेयरनेस सेल पुलिस कमिश्नरेट इंदौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता ने की।

उपरोक्त जानकारी देते हुए विद्यालय की ओर से श्रीमती प्रीति दुबे ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम की थीम फेस्टिव फ्यूजन रखी गई, जो भारतीय संस्कृति पर आधारित थी। इसके अंतर्गत भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों के प्रमुख पर्वों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की विविधता में एकता का सुंदर संदेश दिया। इसके साथ ही बच्चों ने मोबाइल के सीमित उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का संदेश भी मंच से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पुराने पारंपरिक खेलों का जीवंत प्रदर्शन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए श्रीमती सुनयना तिवारी, राजेश गुप्ता एवं सचिन यादव को सम्मानित किया गया। वहीं एक्सीलेंस अवार्ड से श्रीमती माया यादव, आशीष वर्मा, अभिषेक कैलवा, श्रीमती शशि यादव, श्रीमती प्रीति कौशल, श्रीमती विनीता लिखितकर, श्रीमती ममता कश्यप, सुश्री प्रतीक्षा पांडे एवं हीरालाल बंजारा को सम्मान प्रदान किया गया।

विद्यालय की पच्चीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर डायरेक्टर श्री विजय दुबे ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस नहीं देनी होगी। साथ ही बुक बैंक योजना के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया जा सके।

कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन सचिन यादव, समृद्धि यादव, सुहानी तिवारी, समिति साहू एवं वेदिका दुबे ने किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मानसी भारती, दिव्यांशी प्रजापत, ध्रुव राठौर, आरोही राठौर, दिव्यता पाण्डेय, कनक कुशवाह, रिया निषाद, प्राची कुर्मी, पूजा, आस्था तिवारी, प्रिया प्रजापत, मनीष शर्मा, ध्रुव प्रधान, वेदांश लोधी एवं तनिष्क यादव ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राजेश गुप्ता द्वारा किया गया।

# दूरस्थ मजरे, टोले में भी पहुंचती जा रही बिजली



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस अंतर्गत मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में इंदौर जिले के महू बिजली संभाग के अत्यंत दूरस्थ वनवासी क्षेत्र समेत मालवा निमाड़ में उन घरों को रोशनी उपलब्ध कराई गई, जो घर मूल गांवों से दो से तीन किमी दूर की मजरे, टोले की बसाहट वाले थे।

इन गांवों के वनवासी परिवार अब इस बात के लिए खुश हैं कि घर मे बच्चें बल्ब की रोशनी में पढ़ाई कर रहे है, मोबाइल भी अपने ही घर पर चार्ज हो रहा है। टीवी भी चलाई जा रही है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पिछले तीन माह के दौरान अभियान चलाकर दूरदराज के मजरे, टोले में दो चार घर होने पर भी नए ट्रांसफार्मर, तार, पोल स्थापित कर बिजली प्रदान की गई है। वनवासी बहुल टोले, फलिए मजरों को बिजली कार्मिकों द्वारा ट्रेक्टरों, बैलगाड़ियों से पोल, तार, केबल भेजकर रोशन किया जा रहा है। प्रतिदिन तलहटी, पहाड़ों से तार, केबल, पोल लाने ले जाने का कार्य कर वनवासी घरों तक बिजली पहुंचाई जा रही हैं। तीन माह के दौरान एक हजार पांच घरों में रोशनी पहुंचाई गई है, ये घर मूल बसाहट, आबादी, गांवों से दूर स्थित थे। प्रबंध निदेशक श्री सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में 68, उज्जैन जिले में 52, मंदसौर में 15, नीमच में 25, शाजापुर में 8 दूरस्थ घरों तक बिजली पहुंचाई गई है। इसी तरह बुरहानपुर में 58, धार में 112, खंडवा में 71, आलीराजपुर जिले में 101, झाबुआ में 92, बड़वानी में 112, खरगोन में 252, देवास में 10 से ज्यादा घरों में रोशन पहुंचाई गई है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दूरदराज के क्षेत्रों में विद्युतीकरण कार्य अभी भी जारी है। इसकी नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है।

## इंदौर में चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर केस



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हार्डवेयर व्यापारी हुसैन भाई के साथ हुई घटना में छत्रीपुरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया। अम्मार नगर निवासी हुसैन भाई का शुक्रवार को चाइनीज मांझा से गला कटा था। पुलिस के अनुसार घटना बियाबानी स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप की है। हुसैन भाई काम से बाइक से जा रहे थे। तभी मांझे से गर्दन में घाव हो गया। उनका निजी अस्पताल में उपचार करवाया गया। शनिवार को पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए परिवार से संपर्क कर हुसैन भाई के भाई सैफुद्दीन की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा में कायमी की है।

भंवरकुआं पुलिस के अनुसार पुलिस ड्रोन कैमरे से चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाने वालों की निगरानी कर रही है। इसी दौरान कुछ युवक पतंग उड़ाते हुए दिखाई दिए। पुलिसकर्मी डोर की जांच करने पहुंचे तो एक युवक चाइनीज मांझा से पतंग उड़ाते हुए मिला। पुलिस ने उसकी गिर्री जब्त कर ली और केस दर्ज कर लिया। स्कूटर सवार बदमाश ने शुक्रवार को गुमाश्ता नगर महिला से मोबाइल और रुपये लूट लिए। द्वारकापुरी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। साधना पटेल निवासी गुमाश्ता नगर काम से जा रही थी। स्कूटर सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया। उसमें 2300 रुपये और मोबाइल रखा था। उधर, लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड पर भी झपटमारी की घटना हुई है।

# कनाड़िया पुलिस ने नकली पान मसाला फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में मिलावटखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली पान मसाला बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। रहवासी क्षेत्र में संचालित इस फैक्ट्री से विमल पान मसाला की हूबहू नकल कर बाजार में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस थाना कनाड़िया ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

थाना कनाड़िया को 11 जनवरी 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सहारा सिटी होम्स, बिचोली मरदाना बायपास स्थित एक मकान में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने तत्काल टीम गठित की और एसीपी खजराना से सर्च वारंट प्राप्त कर सहारा सिटी स्थित मकान नंबर एस-19 पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मुखबिर की सूचना सही पाई गई, जहां मकान के भीतर तीन व्यक्ति नकली पान मसाला तैयार करते हुए मिले।

पुलिस को मौके से विमल पान मसाला जैसा दिखने वाला बड़ी मात्रा में नकली पान मसाला, पाउच पैकिंग मशीन, पाउच सीलिंग मशीन, सुपारी ओवन ड्रायर, सुपारी कटर मशीन, विमल ब्रांड के रोल, मैग्नीशियम कार्बोनेट, कत्था, चूना, तंबाकू लिक्विड एवं पैकिंग सामग्री बरामद हुई। जांच में सामने आया कि स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक मैग्नीशियम कार्बोनेट का उपयोग कर यह नकली पान मसाला तैयार किया जा रहा था, जिसे बाजारों में सप्लाई किया जा रहा था।

थाना कनाड़िया में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 349(ए), 3(5) बीएनएस एवं कॉपीराइट एक्ट की धारा 51 व 63 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर निपानिया में गूंजा हिन्दू एकता का शंखनाद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर निपानिया क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों ने हिन्दू एकता, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति के सशक्त संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रप्रेम का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

तुलसी नगर, महालक्ष्मी नगर एवं साई कृपा कॉलोनी में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, वेद मंत्रोच्चार और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से सनातन परंपरा की गरिमा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन आयोजनों में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रमों की भव्यता और प्रभावशीलता और अधिक बढ़ गई।

तुलसी नगर स्थित सरस्वती मंदिर परिसर में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यहाँ बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। किसी प्रस्तुति में महिषासुर मर्दिनी के श्लोकों का सस्वर पाठ हुआ तो कहीं वेद मंत्रों के उच्चारण से आध्यात्मिक भावनाओं का संचार हुआ, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा।

तुलसी बॉम्बे पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कलियुग से कल्कि अवतार तक की यात्रा को नृत्य-नाटिका के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने सनातन संस्कृति की निरंतरता और उसकी जीवंतता को दर्शाया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसी क्रम में एक छात्र द्वारा स्वामी विवेकानंद के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन की प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की वैश्विक महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान एक स्थानीय कलाकार द्वारा मंच पर स्वामी विवेकानंद का सजीव चित्र तैयार किया जाना भी विशेष आकर्षण रहा, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ स्थानीय कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय पार्षद संगीता महेश जोशी, तुलसी नगर योगशाला के योग गुरु प्रेम कैरो, के.के. झा, कृष्ण कुमार वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, अनुपाल सिंह चौहान, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में हिन्दू समाज की एकता, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और सनातन संस्कृति के संरक्षण पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत होकर संघ के शताब्दी वर्ष को समाज जागरण का पर्व बनाने का संकल्प लिया।

# तुलसीनगर- महालक्ष्मीनगर में चेन स्नेचिंग करने वाला शातिर आरोपी अब्दुल लसूड़िया पुलिस की गिरफ्त में



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तुलसीनगर एवं महालक्ष्मीनगर क्षेत्र में राह चलती महिलाओं के गले से सोने की चेन झपटने वाले शातिर आरोपी को पुलिस थाना लसूड़िया ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त होंडा स्कूटी सहित महिलाओं से छीनी गई करीब 2.75 लाख रुपये की दो सोने की चेन बरामद की गई हैं। आरोपी पुनः वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा।

पुलिस थाना लसूड़िया पर फरियादिया संध्या सिंह पति वरुण सिंह चौहान, उम्र 44 वर्ष, निवासी तुलसीनगर इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 दिसंबर 2025 की शाम करीब 8.20 बजे वह खरीदारी कर घर लौट रही थीं, तभी कॉलोनी में ही एक अज्ञात स्कूटी सवार युवक उनके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। इस रिपोर्ट पर थाना लसूड़िया में अपराध क्रमांक 1625/2025 धारा 304(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

इसी प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर के निर्देशन में थाना प्रभारी लसूड़िया श्री तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई। इसी दौरान यह जानकारी सामने आई कि 31 दिसंबर 2025 को महालक्ष्मीनगर क्षेत्र में भी एक वृद्ध महिला के साथ इसी तरह की चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। इस संबंध में फरियादिया शारदा पति मनोहर लाल मित्तल, उम्र 67 वर्ष, निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर से संपर्क किया गया। वृद्धावस्था के कारण थाने आने में असमर्थ फरियादिया के घर जाकर पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज की, जिस पर अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 304(2) बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

लगातार सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और संदेही के हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। इसी दौरान आरोपी पुनः चेन स्नेचिंग की नीयत से तुलसीनगर क्षेत्र में घूम रहा था, तभी पुलिस से उसका आमना-सामना हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम अब्दुल जावेद खान उम्र 47 वर्ष निवासी कड़ाव घाट, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ इंदौर है। आरोपी की निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त लाल रंग की होंडा स्कूटी क्रमांक MP09 UM 2411 तथा फरियादिया संध्या सिंह की सोने की चेन कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये और फरियादिया शारदा मित्तल की सोने की चेन कीमत लगभग 1.25 लाख रुपये विधिवत जप्त की गई।

आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर उससे अन्य संभावित अपराधों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

## एबी रोड पर मानपुर में सात वाहन टकराए, तेज रफ्तार ट्रक ने वाहनों को मारी टक्कर

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर से 40 किलोमीटर दूर मानपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और वाहनों को टक्कर मारी। इस मार्ग पर सात वाहन एक के बाद एक टकराए। घटना के बाद मार्ग पर दो किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। हादसे में वाहन सवार लोगों को मामूली चोटें आई है। यह हादसा मुबंई आगरा नेशनल हाईवे के ढलान वाले हिस्से में हुआआ। दरअसल यहां एक ट्रक ढलान पर उतर रहा था। उसकी स्पीड तेज थी। अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया। संभवतः ट्रक के ब्रेक फेल हुए। इसके बाद ट्रक ने एक मिनी ट्र क को टक्कर मारी। मिनी ट्रक आगे चल रही कार से टकराया और उसकी छत पर चढ़ गया। फिर आगे चल रही एक और कार व पिकअप वाहन में टक्कर हो गई। इस हादसे में वाहनों में सवार लोगों को चोटें भी आई है। इस हादसे के बाद एक तरफ की लेन पूरी तरह बंद हो गई थी। इस कारण दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। करीब दो किलोमीटर तक वाहनों के पहिए थम गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से वाहनों को हटाया और फिर ट्रैफिक बहाल करवाया। टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को पुलिस पकड़ कर थाने ले गई। इंदौर से मानपुर के बीच दो जगह ढलान है। गणपति घाट पर अक्सर हादसे होते थे। इस कारण उसका बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 100 करोड़ की लागत से तैयार किया। अब दूसरे ढलान वाले हिस्से में हादसा हुआ है। ढलान होने के कारण कई बार वाहनों के ब्रेक फेल हो जाते है और फिर वाहनों की टक्कर हो जाती है।

## उजड़ेगा हजारों पक्षियों का बसेरा, कटेंगे इंदौर के सैकड़ों पेड़, ऑक्सीजन जोन खत्म होगा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रीगल स्थित रानी सराय के पेड़ों और पशु पक्षियों को बचाने के लिए जनता एकजुट होने लगी है। जनहित पार्टी और पर्यावरणप्रेमी मंच के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में लगातार शहरवासी जुड़ रहे हैं। रीगल स्थित रानी सराय के कैंपस में शहर के लोग दिनरात लगातार धरना दे रहे हैं और आज धरने का दसवां दिन हो चुका है। 200 से अधिक पेड़, हजारों पक्षी, मध्यक्षेत्र का ग्रीन जोन, सब नष्ट होगा रानी सराय में मेट्रो के लिए स्टेशन बनाया जा रहा है और इस स्टेशन के लिए यहां पर लगे 200 से अधिक पेड़ काटे जाएंगे और हजारों पक्षियों का बसेरा खत्म हो जाएगा। यह इंदौर के मध्य में एक मुख्य ग्रीन जोन है जो शहर के मध्य क्षेत्र को रिचार्ज करता है। इसके साथ ही यहां पर हजारों पक्षियों के आवास भी बने हुए हैं। यह इंदौर में सबसे अधिक पक्षियों वाला स्थान है।

225 पेड़ों की पूरी जानकारी इकट्ठा की- जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार जनहित पार्टी द्वारा रानी सराय के पेड़ों को बचाने के लिए आवाज उठाई गई है। इसके प्रथम चरण में सबसे पहले परिसर में स्थित 225 पेड़ों का पंचनामा बनाया गया। इसमें पेड़ों की प्रजाति लंबाई चौड़ाई का विवरण दर्ज किया गया। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिलकर मेट्रो स्टेशन को कहीं और स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दिया गया। अगले दिन कार्यकर्ताओं द्वारा रीगल चौराहे पर जन जागरण किया गया और साथ ही संभाग आयुक्त को इस संबंध में ज्ञापन दिया गया। कड़ी ठंड में रातभर रानी सराय में रुकते हैं कार्यकर्ता- दिनांक 1 जनवरी 2026 से पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रानी सराय स्थित परिसर में धरना शुरू किया गया है।

# वीकेंड पर इंदौर पुलिस का सख्त एक्शन, गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर कसी नकेल



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एडिशनल कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) श्री अमित सिंह एवं एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) श्री आर.के. सिंह के निर्देशन में दिनांक 10 और 11 जनवरी की दरमियानी रात वीकेंड के दौरान विशेष चेकिंग एवं गश्त अभियान चलाया गया।

रात्रि 11 बजे से 2 बजे तक चले इस अभियान में इंदौर शहर के चारों जोनों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय होकर गुंडे, बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी एवं धरपकड़ की। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों की सघन जांच की गई और कुल 209 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वांछित 56 से अधिक गैर-जमानती वारंटों को तामील कराया। इनमें लंबे समय से फरार 12 स्थायी वारंट एवं 44 गिरफ्तारी वारंट शामिल रहे। कई ऐसे आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आए, जो काफी समय से फरार चल रहे थे, जिनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

यातायात नियमों के उल्लंघन और सड़क सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 153 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें दोपहिया और चारपहिया दोनों प्रकार के वाहन चालक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि आम नागरिकों की जान जोखिम में डालने वाली इस प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

अभियान के दौरान हॉटस्पॉट, मल्टियों और शैडो एरिया में विशेष चेकिंग के साथ ड्रोन पेट्रोलिंग भी की गई। इस दौरान आपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे-बदमाशों, चाकूबाजों, ड्रग पैडलरों, जिलाबदर अपराधियों एवं अन्य संदिग्धों को चेक किया गया और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा सभी अपराधियों और संदिग्धों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न होने की सख्त हिदायत दी गई।

इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की सघन चेकिंग, निगरानी और कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# इंदौर के भागीरथपुरा में 20 किलोमीटर लाइन बदलेगी, फिर मिलेगा साफ पानी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस चौकी के शौचालय को तोड़कर मुख्य लीकेज को ठीक करने का दावा करने वाले नगर निगम के अफसर अभी भी भागीरथपुरा बस्ती को साफ पानी नहीं दे पाए हैं। दरअसल बस्ती की ज्यादातर लाइनें बरसों पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुकी हैं और उनमें गंदे पानी का रिसाव होता है। पूरी बस्ती की 20 किलोमीटर नर्मदा लाइन बदलने का काम दो माह में होगा। फिलहाल मुख्य मार्ग पर लाइन बिछाई गई है, लेकिन टेस्टिंग के दौरान वह भी कुछ जगहों से फूट गई। बस्ती के एक हिस्से में दो-तीन दिनों में सप्लाई हो जाएगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खुद स्वीकार कर चुके हैं कि बस्ती में नई लाइन बिछाने के प्रस्ताव मंजूरी के लिए नगर निगम भेजे जा चुके थे, लेकिन काम शुरू करने में देरी हुई। नतीजा यह हुआ कि बस्ती में डायरिया और हैजा फैला और 19 लोगों की मौत हो गई।

# 35 लाख लोगों ने शुरू किए हिंदी में हस्ताक्षर, इंदौर से शुरू हुआ आंदोलन जन-जन तक पहुंचा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर का मातृभाषा उन्नयन संस्थान हिंदी में हस्ताक्षर बदलो अभियान चला रहा है। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन ने देश भर में एक नई भाषाई क्रांति का सूत्रपात किया है। इंदौर की पावन धरा से शुरू हुए इस प्रयास ने अब तक पैंतीस लाख से अधिक लोगों को अंग्रेजी या अन्य लिपियों का त्याग कर देवनागरी लिपि में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया है। यह आंदोलन न केवल हिंदी भाषा के प्रति अनुराग बढ़ाने का कार्य कर रहा है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक अस्मिता को भी सुदृढ़ कर रहा है।

अंग्रेजों की दासता से मुक्ति का प्रयास- संस्थान के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन अविचल ने इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हस्ताक्षर किसी भी व्यक्ति की मौलिक पहचान होते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अंग्रेजी में हस्ताक्षर करना औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है, जबकि देवनागरी लिपि में हस्ताक्षर करना हमारी अपनी संस्कृति और मातृभाषा के प्रति अटूट सम्मान का प्रदर्शन है। डॉ. जैन के अनुसार, यह मुहिम हिंदी को राजभाषा के औपचारिक दायरे से निकालकर राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने का एक गंभीर स्वप्न है।

सात वर्षों का निरंतर संघर्ष - उल्लेखनीय है कि इस गौरवशाली अभियान की शुरुआत साल 2017 में मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा की गई थी। प्रख्यात भाषाविद और वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय डॉ. वेदप्रताप वैदिक के संरक्षण में इस पहल ने व्यापक सफलता प्राप्त की है।

# कुमावत युवा संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न, 550 होनहारों को मिला प्रोत्साहन




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुमावत युवा संगठन जिला मंदसौर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को महाराणा प्रताप रिसोर्ट, दलौदा में सम्पन्न हुआ। समारोह में समाज की शिक्षा, खेलकूद और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 550 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित मध्यप्रदेश व राजस्थान से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानदास महाराज संत दादु दयाल आश्रम, उज्जैन (धर्म गुरु समस्त कुमावत, समाज), जोरारामजी कुमावत (केबिनेट मंत्री-देव स्थान पशुपालन, डेयरी विभाग, राजस्थान) गजानंद कुमावत (विधायक भाजपा प्रत्याशी, राजस्थान)- निर्मल कुमावत (पूर्व विधायक, जयपुर - राजस्थान) ताराबंद कुमावत (राष्ट्रीय अध्यक्ष-कुमावत युवा संगठन), लीलाधर दोराया (प्रदेश अध्यक्ष, कुमावत समाज), नानूराम कुमावत (भाजपा पिछड़ा वर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष, इंदौर), गोपाल कुमावत (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, प्रतापगढ़, राजेश परमार (पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, ताल)- गोविंद भरावा (अध्यक्ष नगर परिषद खाचरौद) भंवरलाल कुमावत राजटेक (कार्येस जिला उपाध्यक्ष-प्रतापगढ़ राजेश भरावा (जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, नामली-सत्यनारायण जाला (उज्जैन दुग्ध संघ के सदस्य संचालक), प्रकाश कुमावत-छोटी सादड़ी (जिला अध्यक्षभाविप) विक्रम कुमावत, नारायणी (मंडल अध्यक्ष-छोटीसादड़ी), ईश्वर कुमावत, बसेरा (मंडल अध्यक्ष प्रतापगढ़ ग्रामीण आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जिले की तीन तहसीलों से आए समाज के प्रतिभावान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर 550 युवक युवतियों का सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, आर्मी, प्रशासन, रेलवे सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा दे रहे युवक-युवतियों एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 5 हजार समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने समाज में एकजुटता, सहयोग और आपसी समरसता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

समारोह के दौरान कुमावत महासभा पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमावत मंदसौर ने समाज की प्रतिभा जो पढाई का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है, उनको आगे बढने के लिए प्रेरित कर शिक्षा का पूर्ण खर्च उठाने की मंच से घोषणा की है ताकि समाज का कोई भी विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में पीछे नहीं रहे। आयोजकों ने बताया कि यह मंदसौर जिले में कुमावत समाज का पहला प्रतिभा सम्मान समारोह है, जिसकी तैयारियां पिछले चार महीनों से की जा रही थीं। जिला टीम द्वारा प्रत्येक गांव में जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए गए एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कुमावत युवा संगठन जिला अध्यक्ष राज बिहारी गोयल, जिला महामंत्री राकेश कुमावत, कार्यक्रम प्रभारी नंदू कुमावत (शामगढ़) सहित पूरी जिला टीम का विशेष योगदान रहा। समारोह में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से समाज के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ी।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है-डॉ. राणा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने हमेशा पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ी है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का एकमात्र ऐसा संगठन है, जो सच्चाई को सामने लाने वाले उन तमाम पत्रकार साथियों के साथ खड़ा है, जिन्हें पत्रकारिता करते समय साथ व सहयोग की आवश्यकता होती है। इसकी सक्रियता प्रदेश के समस्त जिलों व ब्लॉकों में है। ग्रामीण अंचल के पत्रकारों को भी हर तरीके से मदद के लिए संगठन एवं इसकी ढाल प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया हमेशा तत्पर तैयार है।

यह बात मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के रतलाम संभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा ने नाहरगढ़ सामुदायिक भवन में आयोजित नाहरगढ़ कयामपुर ब्लॉक के कार्ड वितरण समारोह में कहीं। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद रतलाम संभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रीति पाल सिंह राणा, जिलाध्यक्ष हेमंत जैन सीतामऊ, जिला महासचिव संजय भाटी, नाहरगढ़ की सरपंच राधा पदमसिंह चौहान व संभाग के सचिव रजनीश जैन का ब्लॉक के सभी सदस्यों ने स्वागत किया। उद्बोधन में जिला महासचिव संजय भाटी व सरपंच श्रीमती राधा चौहान ने भी संगठन के बारे में बताया। इस मौके पर नवीन ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता कयामपुर व सचिव लखन सेन की नियुक्ति की घोषणा भी जिलाध्यक्ष हेमंत जैन ने की। इस अवसर पर संगठन के जिला सचिव डॉक्टर गजेंद्र सिंह मंडलोई, संयुक्त सचिव हिम्मत जैन सीतामऊ ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश लोहार, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, रमेश पोरवाल सालरिया, मनोज जैन, मुकेश बसेर, राजेंद्र सोनी, ललित शंकर धाकड़, आशीष सोनी, राजू सोनी (पशुपति), सोमेश बंबोरिया, विकास जैन बिल्लौद, राजेश पुरोहित, दशरथ परमार, मुकेश राठौर, विनय शर्मा, विवेक शर्मा, दिलीप जैन, कमलेश दायमा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गुप्ता ने किया। आभार लखन सेन ने माना

# सांसद सुधीर गुप्ता ने कृषि मंडी से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जंबूरी मैदान, भोपाल में आयोजित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण कृषि उपज मंडी, मंदसौर में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का सीधा प्रसारण बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के उप संचालक रविंद्र मोदी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सांसद सुधीर गुप्ता ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि रथ प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा एक माह की अवधि में विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुँचेगा।

वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि में नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुँचाने तथा किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुआई से एक माह पूर्व प्रत्येक विकासखंड में एक-एक कृषि रथ संचालित किया जाएगा। कृषि रथ के माध्यम से ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कृषि रथ के साथ एक तकनीकी दल रहेगा, जिसमें कृषि विभाग के वर्ग-2 स्तर के एक अधिकारी को तकनीकी दल प्रभारी बनाया जाएगा। साथ ही दल में कृषि विज्ञान केंद्र/कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ एवं एक प्रगतिशील कृषक को भी शामिल किया जाएगा। कृषि रथ के ग्रामों में पहुँचने से 3ङ्क4 दिन पूर्व वातावरण निर्माण एवं व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# स्कार्पियो चोरी कर फरार हुए बदमाश, क्रेटा कार से आए थे चोर

## नंबर प्लेट बदलकर पहचान मिटाने की कोशिश




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलिया नगर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला महू-नीमच हाईवे स्थित पुलिस थाना क्षेत्र के निकट का है, जहां अज्ञात बदमाश देर रात एक स्कॉर्पियो वाहन चोरी कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांवलिया कार डेकोर के संचालक शैतान गुर्जर के निवास के बाहर खड़ी स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमपी 14 जेडजे 0736 को अज्ञात चोर बीती रात करीब 3.30 बजे चोरी कर ले गए। बताया गया है कि बदमाश क्रेटा कार में सवार होकर मौके पर पहुंचे थे और पहले से की गई रेकी के बाद कुछ ही मिनटों में वाहन चोरी कर फरार हो गए।

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात- चोरी की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में दो संदिग्ध बदमाश दिखाई दे रहे हैं, जो बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। चोरों ने कार का बोनट खोला। उसके बाद उसे डायरेक्ट कर स्टार्ट कर दिया। बताया गया वाहन में लगा जीपीएस भी चोरों ने खोल कर फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर बदमाशों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। इसके साथ ही आसपास के प्रतिष्ठानों और मार्गों पर लगे कैमरों की भी जांच की जा रही है।

नंबर प्लेट बदलकर भागे बदमाश- जांच के दौरान नयागांव टोल बैरियर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की गई स्कॉर्पियो कैद हुई है। बदमाशों ने वाहन की पहचान छिपाने के उद्देश्य से स्कॉर्पियो की मध्यप्रदेश पासिंग की नंबर प्लेट हटाकर राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की पासिंग नंबर प्लेट लगा दी थी। इसके अलावा स्कॉर्पियो पर पहले से लिखे गए नाम व अन्य पहचान चिन्ह भी हटा दिए गए थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बदमाश पूरी तैयारी और योजना के साथ आए थे।

पहले की वारदातों का भी नहीं हुआ खुलासा- नगर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन अब तक कई मामलों में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। 17 दिसंबर 2025 की रात को भी नगर में चोरों ने धावा बोलते हुए एक ही रात में तीन बाइक चोरी कर ली थीं, वहीं तीन कार चोरी करने का प्रयास किया गया था। इन घटनाओं में भी चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए थे, बावजूद इसके अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी तरह 27 नवंबर 2025 की रात को पिपलियामंडी में चोरों ने जमकर तांडव मचाया था। हथियारों से लैस बदमाशों ने करीब 10 स्थानों पर ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिए थे। इस दौरान की गई पत्थरबाजी में एक युवक घायल भी हुआ था। इस गंभीर घटना का भी अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है।

बाइक चोरी भी बन गई समस्या- नगर में बाइक चोरी की घटनाएं भी अब आम बात हो गई हैं। आए दिन वाहन चोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं,नागरिकों का कहना है कि चोरी की घटनाओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध वाहनों की नियमित जांच, सीमावर्ती मार्गों पर निगरानी कड़ी करने तथा लंबित चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

# सिंगोली में गुरुदेव अर्हमयोग प्रणेता प्रणम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में होगा पंच कल्याणक महोत्सव*

## समाजजनों ने बढ़चढ़कर लाखों रुपये की बोलिया लगाकर बने पात्र



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मेवाड़ प्रान्त कि धार्मिक नगरी सिंगोली में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद व अर्हंयोग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में होने वाले पन्चकल्याण महामहोत्सव मे सौभाग्यशाली महापात्रों का चयन दिनांक 11 जनवरी रविवार को गुरुदेव श्री संयत सागर जी महाराज के विशेष सानिध्य मे ब्रम्हचारी भैय्या शुभम जैन बड़ामलहरा वाले के दिशा-निर्देशन में हुआ प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 2 अप्रैल से 7 अप्रैल 2026 तक होने वाले पन्चकल्याण महामहोत्सव में पात्रों के चयन हेतु पत्रिका का विमोचन समाजजनों द्वारा बड़े उत्साह के साथ किया गया।

11 जनवरी रविवार को दोपहर1 बजे से मांगलिक भवन पाण्डे जी की बावड़ी पर पंचकल्याणक महोत्सव में पात्रो के चयन हेतु कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव की पुजन ओर श्रीफल भेंट करने के साथ हुई। सर्व प्रथम सौधर्म इन्द्र के पात्र की बोली लगी इसके लिए कैलाश चंद्र तेजमल राजेन्द्र कुमार महेंद्र कुमार संजय कुमार मनोज कुमार पारस कुमार पंकज कुमार मोहीवाल परिवार ने 51 कलश एवं श्रीफल की बोली लगा कर शौधर्म इन्द्र बनने की बोली ली वही भगवान के माता-पिता बनने की बोली 21 कलश एवं श्रीफल की बोली 21 लाख इक्कीस हजार एक सौ इक्कीस रुपए एवं नीयम सहित अभय कुमार सुधा देवी अशोक कुमार चंचल देवी पारस कुमार अंकित कुमार शुभम कुमार अर्चित कुमार लक्ष्य कुमार ने ली धनपति कुबेर की बोली 39 कलश एवं श्रीफल के साथ मे पारस कुमार पवन कुमार पंकज कुमार अंकित कुमार जिनांश हरसौरा ने ली, महा यज्ञ नायक की बोली नवीन कुमार धीरज कुमार अभिषेक कुमार चयन कुमार मोहीवाल ने 24 कलश एवं श्रीफल की बोली ली, यज्ञ नायक की बोली पदम कुमार अनिल कुमार पारस कुमार अर्पित कुमार अक्षत कुमार साकुण्या ने 13 कलश एवं श्रीफल की बोली ली ईशान इन्द्र की बोली कैलाश चंद्र तेजमल राजेन्द्र कुमार महेंद्र कुमार मोहीवाल परिवार ने 15 कलश एवं श्रीफल की बोली ली सानत कुमार इन्द्र की बोली कैलाश चंद्र तेजमल राजेन्द्र कुमार महेंद्र कुमार मोहीवाल परिवार ने 11 कलश एवं श्रीफल की बोली ली माहेन्द्र इन्द्र की बोली 11 कलश एवं श्रीफल की बोली कंकु बाई भरत कुमार विमल कुमार मुकेश कुमार ठोला परिवार ने ली स्वर्ण सौभाग्य वति महिला की बोली 3 कलश एवं श्रीफल की बोली शालिनी प्रमोद कुमार सेठिया ने ली।आज आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय समाजजनों के साथ साथ आस पास क्षेत्र के रावतभाटा भैंसरोड़गढ़ बोराव धनगांव थड़ोद ठुकराई बिजोलिया छोटी बिजोलिया सलावटिया आरोली झांतला महुआ बेगु आदी स्थानों के लोग ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी भैय्या शुभम जैन बड़ा मल्हारा ने किया आभार समाज अध्यक्ष भरत ठोला ने व्यक्त किया।

# प्रति मंगलवार जनसुनवाई के साथ होगी जल सुनवाई, जल संबंधी शिकायतों का हो सकेगा समाधान

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में आम नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के साथ अब जल सुनवाई भी आयोजित की जाएगी। इस जल सुनवाई में आम नागरिक अपनी जल से संबंधित शिकायतें लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जल आपूर्ति, पेयजल, नल कनेक्शन, जल स्तर, पाइपलाइन, टंकी, हैंडपंप सहित अन्य जल संबंधी समस्याओं की सुनवाई कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा। जल सुनवाई के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ वार्ड एवं पंचायत स्तर की जल संबंधी शिकायतों का भी समाधान किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु प्रति मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित होकर जल सुनवाई का लाभ लें।

# पीजी कॉलेज मंदसौर में एमबीए एवं एमसीए पाठ्यक्रम खुलने का रास्ता साफ

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के विजन व मिशन के तहत, जनभागीदारी समिति की मंशा अनुसार प्रबन्ध एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय में एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम खुलने का रास्ता साफ हो गया। प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि विगत दिनों एआईसीटीई पोर्टल पर एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम खोलने हेतु रजिस्ट्रेशन किया गया और टीईआर की फीस मांगी गई तो महाविद्यालय द्वारा फीस जमा की गई, जिसके परिणामस्वरूप अगले सत्र से एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम खुलने का रास्ता पूर्णतः साफ हो गया। अगले सत्र से इन दोनों पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी गण प्रवेश ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में पूर्व से ही स्ववित्तीय आधार पर बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. पाठ्यक्रम संचालित है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के समस्त सदस्यों, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# झांतला में भव्य सर्व सनातन समाज का हिंदू सम्मेलन संपन्न

## संघ शताब्दी वर्ष के तहत हिंदू सर्व समाज को जोड़ना संघ का मूल उद्देश्य



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्यंमसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को झांतला में भव्य हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के माध्यम से हिन्दू समाज की एकता ,सांस्कृतिक चेतना, पर्यावरण सरक्षण ओर सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया सुबह से ही नगर में अलग अलग क्षेत्रो में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा था।

हिन्दू सम्मेलन की शुरुवात झांतला नई आबादी स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर से निकली भव्य शोभायात्रा से हुई जिसमें झांतला सहित 13 गावो (मंडल) के विभिन्न समाज के महिला पुरुषों ने भाग लिया इसके पश्चात सत संग प्रेरणादायक उद्बोधन ओर विचार गोष्ठीयो का आयोजन किया रविवार को सर्व सनातन समाज का हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं शिर पर कलश लेकर पूरे नगर में शोभायात्रा निकाल कर भेरुनाथ मंदिर प्रांगण में पहुची जंहा पर मंगलाचरण,राम स्तुति हनुमान चालीसा का पाठ किया गया व संस्कार विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं द्वारा रानी पद्मावती का जौहर कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण रतनगढ़ खंड सहायक श्री लाल गुर्जर द्वारा दिया गया व संघ व संघ के संस्थापक श्री केशव हेडगेवार जी के बारे में,विस्तार से बताया गया। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंत रामप्रिय दास जी महाराज नागा का बाग थड़ौद ने कहा कि सदियों तक भारत देश विदेशी आक्रांताओं, यहूदियों मुस्लिम व अंग्रेजों के अधीन गुलाम रहा है जिन्होंने भारत देश के धर्म संस्कृति सभ्यता को नष्ट करने का काम किया है। बड़े खेद का विषय है। की वर्तमान पीढ़ी अपने धर्म संस्कृति व संस्कारों से विमुक्त होकर पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर रही है। जबकि यह देश अवतारों व तीर्थंकरों का देश है। आज हिंदू राष्ट्र में गौ माता की दुर्दशा हो रही है। व उनका कत्ल किया जा रहा है। यह बड़े खेद व दुख की बात है। हम जातियों में बटकर हमारे धर्म संस्कृति को भुल रहे हैं। जबकि विदेशी लोग आज भारतीय संस्कृति व धर्म का अनुसरण कर उसे अपना रहे हैं। हम अपने बच्चों का नाम भगवान के नाम से मिलते-जुलते रखें ताकि हम ईश्वर का संस्मरण करते रहें इस अवसर पर श्रीमती अंजलि सेन डिकेन अधिवक्ता ने कहा कि राष्ट्रीयता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हम पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक समरसता जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी सनातनी एक होकर श्री राम के आदर्श व मर्यादा पर चलकर सामाजिक भेदभाव दूर करें हमें हमारी मातृभाषा हिंदी को तवज्जो देना चाहिए हमेशा अपनी मातृभाषा का सम्मान करें हमारे पहनावे ,भाषा, भ्रमण, भोजन ,भजन, भवन धर्म संस्कृति व संस्कारों को जीवित रखें भारत देश में नारी का आदि अनादि काल से सम्मान किया जाता है। व देवी के रूप में पूजा जाता है।

# नीति आयोग द्वारा ली गई रतलाम जिले के समग्र आर्थिक विकास एवं निवेश संभावनाओं पर महत्वपूर्ण बैठक



**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करते हुए औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, मानव संसाधन एवं संस्थागत क्षमताओं का समेकित आकलन कर दोनों क्षेत्रों के लिए इकनॉमिक प्लान तैयार किया जा रहा है।

इस संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय रतलाम में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विजन-2047 एवं दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम जिले की विकास संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# 'मनरेगा बचाओ आंदोलन' और पदयात्रा को लेकर कांग्रेस की रणनीति तैयार, जावद विश्रामगृह में हुई बैठक सम्पन्न



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी राजनैतिक कार्यक्रमों और जनहित के मुद्दों को लेकर जावद विधानसभा के स्.ढ्ढ.क्र प्रभारी साथियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित की गई। यह बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती एवं प्रदेश सचिव सत्यनारायण पाटीदार के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिसोदिया की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई।

मनरेगा बचाओ आंदोलन की रूपरेखा- बैठक के दौरान मुख्य रूप से स्.ढ्ढ.क्र के दूसरे चरण यानी 'मनरेगा बचाओ आंदोलन' पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस अब सड़क पर उतरेगी। इसके लिए एक विशाल पदयात्रा की तैयारियों और उसकी कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य बिंदु- रणनीति- पदयात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को मनरेगा के महत्व और वर्तमान चुनौतियों के बारे में जागरूक करना।

सहभागिता- ब्लॉक और मंडलम स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।

जन संवाद- जनता की समस्याओं को सुनकर उन्हें आंदोलन का हिस्सा बनाना।

उपस्थित गणमान्य जन

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिसोदिया, शंभू लाल चारण, जनपद सदस्य अर्जुन गुर्जर, दबंग कांग्रेसी नेता मनोज झरिया, राजेश राठौर (मंडल), नगर कांग्रेस अध्यक्ष शौकीन पटेल, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश ग्वाला और एडवोकेट गरिमा पाटीदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही सेवादल जिला प्रवक्ता पंकज ऐरन, महेश चौधरी, अठाना मंडलम अध्यक्ष महेश वर्मा, महेश चौधरी, फजेल नबी छिपा, युवराज झरिया, बालकिशन धाकड़, सुधीर सेन, जेवी बना, मनीष जैन और विजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# मकर संक्रांतिः पतंगबाज़ी, आनंद, संस्कृति और चेतना

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ़ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है।

पतंग उड़ाने की परंपरा भारत में अत्यंत प्राचीन मानी जाती है। ऐतिहासिक संदर्भों और लोककथाओं में इसके उल्लेख मिलते हैं। कभी यह राजदरबारों में कौशल और रणनीति का प्रतीक रही, तो समय के साथ आम जनजीवन में रच-बस गई। मकर संक्रांति, बसंत पंचमी और अन्य पर्वों पर आसमान का रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाना, भारतीय समाज की सामूहिक चेतना और उत्सवधर्मिता को दर्शाता है। हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में यह पर्व केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक बड़े सामाजिक आयोजन का रूप ले लेता है।

पतंगबाज़ी का सबसे सुंदर पक्ष उसका सामाजिक स्वरूप है। यह लोगों को घरों से बाहर निकालकर एक-दूसरे से जोड़ती है। छतों के बीच संवाद, बच्चों की खिलखिलाहट, युवाओं की प्रतिस्पर्धा और बुज़ुर्गों की स्मृतियों से उपजी मुस्कान—ये सभी दृश्य इस पर्व को जीवंत बनाते हैं। वो काटाज वो मारा की गूंज केवल खेल का उत्साह नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता की आवाज़ होती है। आज के समय में, जब सामाजिक संवाद सिमटता जा रहा है, ऐसे पर्व मानवीय रिश्तों को सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं।

मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित पतंग महोत्सवों और सामूहिक आयोजनों ने इस परंपरा को नए आयाम दिए हैं। कई स्थानों पर स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएँ मिलकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती हैं, जिनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना भी होता है। इन आयोजनों में महिलाएँ, बच्चे और बुज़ुर्ग समान रूप से भाग लेते हैं, जिससे यह पर्व किसी एक वर्ग तक सीमित न रहकर समाज के हर हिस्से का उत्सव बन जाता है।

अक्सर पतंगबाज़ी को केवल मौसमी खेल समझ लिया जाता है, लेकिन इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी कम नहीं हैं। पतंग उड़ाते समय शरीर के कई अंग सक्रिय रहते हैं। हाथों, कंधों और आँखों का समन्वय होता है, जिससे शारीरिक सक्रियता बनी रहती है। खुले वातावरण में समय बिताने से शरीर को सूर्य की ऊर्जा मिलती है और मानसिक थकान कम होती है। चिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसे सामूहिक और आनंददायक आयोजन तनाव को कम करने में सहायक होते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी पतंग उड़ाना अत्यंत उपयोगी है। खुले आसमान में रंग-बिरंगी पतंगों को उड़ते देखना मन को प्रसन्नता और शांति देता है। यह व्यक्ति को वर्तमान क्षण से जोड़ता है और एक प्रकार के सहज ध्यान का अनुभव कराता है। आज के तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवन में ऐसे अनुभव मानसिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों के लिए पतंगबाज़ी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया भी है। इससे उनमें धैर्य, संतुलन, समन्वय और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। हवा की दिशा को समझना, डोर का सही तनाव बनाए रखना और सही समय पर निर्णय लेना—ये सभी कौशल बच्चों की निर्णय क्षमता को मजबूत करते हैं। साथ ही, जब यह गतिविधि परिवार के साथ मिलकर की जाती है, तो बच्चों में सामाजिक मूल्य और सांस्कृतिक जुड़ाव भी गहराता है।

हालाँकि, जहाँ पतंगबाज़ी आनंद और उत्साह का पर्व है, वहीं इससे जुड़ी सुरक्षा चुनौतियाँ भी सामने आती हैं। बीते वर्षों में चाइनीज़ मांझा और नायलॉन डोर के प्रयोग से कई गंभीर दुर्घटनाएँ हुई हैं। यह न केवल मनुष्यों के लिए, बल्कि पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी घातक सिद्ध हुआ है। सड़क दुर्घटनाएँ, गले में कट लगने की घटनाएँ और पक्षियों की मौत—ये सभी इस परंपरा के विकृत स्वरूप की ओर संकेत करते हैं।

सरकार और प्रशासन द्वारा इस दिशा में नियम बनाए गए हैं, लेकिन केवल नियम पर्याप्त नहीं हैं। समाज में जागरूकता फैलाना और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। सूती डोर का उपयोग, खुले और सुरक्षित स्थानों का चयन, बच्चों की निगरानी और समय-सीमा का ध्यान—ये सभी कदम पतंगबाज़ी को सुरक्षित बना सकते हैं। यह ज़रूरी है कि उत्सव की खुशी किसी के लिए दुख का कारण न बने। पर्यावरणीय दृष्टि से भी पतंगबाज़ी पर पुनर्विचार की आवश्यकता है।

# दान, तप व आत्मिक उत्थान ही संक्रांति पर्व का मूल तत्व है



जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है।

हिंदू धर्म में वर्ष को दो अयनों में बांटा गया है- उत्तरायण और दक्षिणायण। मकर संक्रांति के दिन से सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ हो जाती है इसलिए मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहते हैं। उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात् सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए इस दिन जप, तप, दान, स्नान, आदि धार्मिक क्रियाकलापों को विशेष महत्व दिया जाता है। संक्रांति के पर्व पर दान देने का विशेष महत्व बताया गया है। श्री माताजी ने दान दिए जाने की विषय में भी अपनी अमृतवाणी में उल्लेखित किया है, दान किसे दिया जाए ऐसा भी प्रश्न खड़ा होता है। यह देखना चाहिए कि हम मुक्त मन से अपने देश के लिए, अपने बंधुओं के लिए, अपने पड़ोसियों के लिए क्या कर रहे हैं मन रोककर नहीं रखना चाहिए, मन खोलकर पूरी तरह से लुटाना चाहिए। उसका एक विशेष आनंद होता है। इस अवसर पर तिल व गुड़ को हमारी संस्कृति में विशेष महत्व दिया गया है जो कि स्वास्थ्य के लिए ऋतु चर्या के अनुकूल तथा मृदुलता व मिठास का प्रतीक है। मकर संक्रांति पर सूर्य पूजा का विशिष्ट महत्व है। यह संकेत होता है कि दाता को सूर्य के जैसे अपना भाव रखना चाहिए।श्री माताजी ने वर्णित किया है , सूर्य के जैसे अपना स्वभाव होना चाहिए। सूर्य क्या करता है , इसका उसे कुछ आभास ही नहीं। उसे कुछ भी पता नहीं परंतु सतत् कर्मों में खड़ा है , सदैव प्रज्वलित रहता है आपको नित्य प्रकाश देकर, आनंद देकर, संपूर्ण जीवनत्व देकर आप का पालन पोषण करता है। हम प्रतिदिन उसे देखते हैं। बहुत लोग उसे नमस्कार भी करते हैं किंतु मात्र नमस्कार तक। उसमें से कुछ भी हमारे अंदर आता नहीं है उसकी देने की शक्ति, उसकी क्षमता हमारे अंदर आनी चाहिए।

श्री माताजी ने अनेक बार उपदेशित किया है कि सहजयोगी संत के समान है अतः उनका आचरण भी संत के समान होना चाहिए। उन्हें विश्व कल्याण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए व उसके लिए उद्यम करना चाहिए। संक्रांति के पावन पर्व पर यह प्रण लेना चाहिए कि श्री माताजी की कृपा से व हमारे प्रयास से अनेकानेक लोग आत्मिक उत्थान को प्राप्त हो सकें तथा हम स्वयं भी अपने आत्मिक उत्थान को विकसित कर सकें अपने अंदर सूर्य की शक्तियों को जागृत कर सकें तथा परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनें। परमात्मा के कार्य का साधन होना अत्यंत गौरव की बात है और इस गौरव का आनंद आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् ही प्राप्त किया जा सकता है।

# स्वामी विवेकानंदः युवाशक्ति के जागरण का अमर स्वर

हर वर्ष 12 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस (नेशनल यूथ डे) महान् आध्यात्मिक गुरू, युवा वक्ता,मार्गदर्शक, विचारक और राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।आपका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में हुआ था। आपके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था तथा आपके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था,जो एक प्रसिद्ध वकील थे तथा माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था,जो अत्यंत धार्मिक, विदुषी और संस्कारवान महिला थीं। आपकी माता ने आपका नाम वीरेश्वर रखा था और आपको प्यार से वह बिली कहकर पुकारती थीं।आपका जीवन संघर्षों से भरा था तथा अपने अपने 39 वर्ष के अल्प जीवन में लगभग 31 बीमारियों का सामना किया। जानकारी मिलती है कि आप चाय पीने के शौकीन थे।एक बार आपने स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक से विशेष रूप से मुगलई चाय बनवाई थी। इतना ही नहीं, आपको खिचड़ी और तले हुए आलू (मसालेदार) भी बहुत पसंद थे।

विवेकानंद बहुत ही मेधावी छात्र थे,जिनकी प्रारंभिक शिक्षा मेट्रोपोलिटन स्कूल से हुई थी।बाद में अपने प्रेसीडेंसी कॉलेज तथा जनरल असेंबलीज़ इंस्टीट्यूशन (वर्तमान स्कॉटिश चर्च कॉलेज) में अध्ययन किया। आपने दर्शनशास्त्र, तर्कशास्त्र, इतिहास, साहित्य, वेद, उपनिषद, तथा पाश्चात्य दर्शन का गहन अध्ययन किया। पाठकों को बताता चलूं कि अंग्रेज़ी के साथ-साथ संस्कृत और बंगला पर विवेकानंद जी की असाधारण पकड़ थी।आपका यह मानना था कि शिक्षा वह है जो मनुष्य का निर्माण करे और उसके चरित्र को मजबूत बनाए। आपने एकबार कहा था -उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। आपका यह कहना था कि- शिक्षा मनुष्य के भीतर पहले से ही मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है। आत्मविश्वास के बारे में आपका यह कहना था कि यदि आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तो आप भगवान पर भी विश्वास नहीं कर सकते। आपका यह मानना था कि शक्ति ही जीवन है और कमजोरी मृत्यु है।बहुत कम लोग जानते हैं कि आप नास्तिकता की सीमा तक प्रश्न करते थे। वे प्रत्येक साधु से एक ही प्रश्न पूछते थे कि-क्या आपने ईश्वर को देखा है? इसी खोज ने उन्हें रामकृष्ण परमहंस तक पहुँचाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सत्य की खोज में आपकी मुलाकात स्वामी रामकृष्ण परमहंस से हुई। परमहंस जी के प्रभाव में आकर ही आपने आध्यात्मिक मार्ग अपनाया था और बाद में आप स्वामी विवेकानंद के नाम से जाने गए।पाठकों को बताता चलूं कि विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही ब्रिटिश भारत के दौरान राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संन्यास लेने के बाद आपका नाम स्वामी विविदिशानंद था, लेकिन शिकागो जाने से ठीक पहले, खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह के सुझाव पर आपने अपना नाम बदलकर विवेकानंद कर लिया था। कहते हैं कि एक बार अमेरिका में एक महिला आपके प्रवचनों से इतनी प्रभावित हुई कि उसने आपसे विवाह का प्रस्ताव रख दिया था। दरअसल उसने कहा था, मैं आपके जैसा ही तेजस्वी पुत्र चाहती हूँ, इसलिए आप मुझसे विवाह कर लें।उस समय आपने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया था कि, देवी, मैं तो संन्यासी हूँ, विवाह नहीं कर सकता। लेकिन आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। आज से आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए। इस तरह आपको मेरे जैसा पुत्र भी मिल जाएगा और मेरा संन्यास भी बना रहेगा।

कहते हैं कि विवेकानंद जी का यह जवाब सुनकर महिला उनके चरणों में गिर गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि प्रारंभ में आप रामकृष्ण परमहंस के विचारों से सहमत नहीं थे और तर्क और विवेक के आधार पर आप हर बात को परखते थे, लेकिन धीरे-धीरे रामकृष्ण परमहंस के अनुभवजन्य ज्ञान ने आपको भीतर से बदल दिया।अपने गुरु के देहांत के बाद, 1897 में आपने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य परहित और समाज सेवा के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति है। आप असाधारण स्मरण शक्ति के धनी थे तथा किसी पुस्तक को एक बार पढ़कर आप उसका सार याद रख लेते थे तथा कई बार तो आप पूरे पृष्ठ शब्दशः दोहरा देते थे। इतना ही नहीं,आप संगीत प्रेमी संन्यासी और युवा वक्ता थे। गौरतलब है कि 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में आप सबसे कम उम्र के प्रतिनिधि थे। आपके पहले शब्द-सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया था।

उस समय वहां 7000 लोग मौजूद थे।शिकागो में आपने हिंदू धर्म को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति के धर्म के रूप में दुनिया के सामने रखा। आपने वर्ष 1894 में पहली 'वेदांत सोसाइटी' की स्थापना की तथा अपने पूरे यूरोप का व्यापक भ्रमण किया तथा मैक्स मूलर और पॉल डूसन जैसे प्रच्चवादियों से संवाद किया।आपने भारत में अपने सुधारवादी अभियान के आरंभ से पहले निकोला टेस्ला जैसे प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ तर्क-वितर्क भी किये।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपने जगदीश चंद्र बोस की वैज्ञानिक परियोजनाओं का भी समर्थन किया।

इतना ही नहीं आपने आयरिश शिक्षिका मार्गरेट नोबल (जिन्हें उन्होंने सिस्टर निवेदिता का नाम दिया) को भारत आमंत्रित किया, ताकि वे भारतीय महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में सहयोग कर सकें।आपने ही जमशेदजी टाटा को भारतीय विज्ञान संस्थान और 'टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी' की स्थापना के लिये प्रेरित किया था। विदेशों में आज भी उनके बहुत से प्रशंसक हैं तथा उनका यह मानना था कि भारत का उद्धार केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा से होगा।

वास्तव में उनकी यही सोच आगे चलकर रामकृष्ण मिशन की नींव बनी।आपने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, राष्ट्रसेवा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। पाठकों को बताता चलूं कि उनके विचारों से प्रेरित होकर भारत सरकार ने 1984 में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया था। इस दिन देशभर में युवा कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, भाषण, योग एवं प्रेरणात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, ताकि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा सके।आपका विचार था कि- ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वह हमीं हैं जिन्होंने अपनी आंखों पर हाथ रख लिया है और रोते हैं कि अंधेरा है।

आपका यह मानना था कि जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।आप कहां करते थे कि- यह दुनिया एक महान व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। आपका मानना था कि ईश्वर की सेवा का सबसे अच्छा तरीका मनुष्य की सेवा करना है, विशेषकर उन लोगों की जो गरीब और असहाय हैं।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी द्वारा सामाजिक रूप से शोषित लोगों को हरिजन शब्द से संबोधित किये जाने के वर्षों पहले ही स्वामी विवेकानंद ने दरिद्र नारायण शब्द का प्रयोग किया था, जिसका आशय था कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।' यह भी आपका ही विचार था कि-उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी भी सांसारिक वस्तु से विचलित नहीं होता।आपका कहना था कि अगर किसी देश के युवा जागरूक हों और अपने लक्ष्य के लिए पूरी निष्ठा से काम करें, तो वह देश हर बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। आप कहते थे कि युवाओं को सफल होने के लिए मेहनती, समर्पित और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि वे युवाओं को केवल पढ़ाई या सोच में ही नहीं, बल्कि मन की मजबूती (आध्यात्मिक शक्ति) और शरीर की ताकत बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

अंत में यही कहूंगा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों का निष्कर्ष यह है कि राष्ट्र का उत्थान तभी संभव है जब उसके युवा चरित्रवान, आत्मविश्वासी और कर्तव्यनिष्ठ हों। वे शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम मानते थे।आपने आध्यात्मिक शक्ति को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया, जो मनुष्य को निर्भय और कर्मठ बनाती है।

आपका यह मानना था कि कमजोर शरीर और कमजोर मन से कोई महान कार्य नहीं किया जा सकता। सेवा, त्याग और मानवता के कल्याण को उन्होंने सच्चे धर्म का आधार माना। आपके विचार आज भी युवाओं को जागृत होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देते हैं।बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि आपने खुद यह भविष्यवाणी की थी कि आप 40 वर्ष की आयु पार नहीं करेंगे। उनकी यह बात सच साबित हुई और 4 जुलाई 1902 को मात्र 39 वर्ष की उम्र में आपने बेलूर मठ (पश्चिम बंगाल) में महासमाधि ली।

**-सुनील कुमार महला**

## 'दीदी' की हरी फाइल

ऐसा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही कर सकती हैं। अतीत की कई घटनाएं उनकी हरकतों और राजनीति की साक्षी रही हैं। स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में कदाचित यह पहली बार हुआ है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी प्रमुख केंद्रीय जांच एजेंसी छापा मारे और वहां की मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण फाइलें, दस्तावेज और अन्य साक्ष्य उठा कर चल दे। यह कानूनी अपराध भी है और ममता इसे भली-भांति जानती भी हैं। ईडी ने 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' के सह-संस्थापक प्रतीक जैन के घर और दफ्तर पर छापे की कार्रवाई की थी। कोलकाता में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर एक ही दिन में छापे मारे गए थे। यह सूचना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंची, तो हडकंप मच गया, क्योंकि प्रतीक जैन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के आईटी प्रकोष्ठ के मुखिया भी हैं। बेशक आई-पैक की स्थापना प्रशांत किशोर ने की थी, लेकिन उन्होंने अब एक राजनीतिक दल बना कर बिहार से राजनीति शुरू कर दी है और उनके उम्मीदवार चुनाव मैदान में भी उतरे थे। अब आई-पैक के प्रथम निदेशक प्रतीक जैन हैं। वह ममता के राजदार और चुनावी रणनीतिकार भी हैं, लिहाजा छापेमारी की सूचना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ, पहले प्रतीक के घर गईं और फिर दोपहर में तीन घंटे आई-पैक के दफ्तर में रहीं। जब बाहर आकर वह मीडिया से मुखातिब हुईं, तो उनके हाथ में हरे रंग की एक फाइल थी। उन्होंने फाइल को अपने सीने से मजबूती के साथ लगाया हुआ था। मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के मद्देनजर केंद्र सरकार को कोसा। खासकर गृहमंत्री अमित शाह के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया। ममता पहले भी गृहमंत्री को 'दुर्योधन' और 'दुशासन' करार दे चुकी हैं। ममता का बुनियादी आरोप था कि उनकी पार्टी की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों के विवरण, बूथवार रणनीति को लूटने के लिए यह छापेमारी कराई गई है। आखिर ईडी किसी भी पार्टी की राजनीतिक, चुनावी रणनीति जानने को छापे क्यों मारेगा? यह उसका संवैधानिक जनादेश नहीं है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग, आर्थिक घोटालों, हवाला, काला धन आदि की ही जांच करता है। राजनीति के औसतन मात्र 2-3 फीसदी ही मामले होते हैं, जिनमें ईडी दखल देकर जांच करता है और अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करता है। यदि ईडी की छापेमारी की सजा-दर बेहद कम है, तो उसकी जवाबदेही अदालत की होनी चाहिए, क्योंकि सजा अदालतें ही तय करती हैं। आखिर ममता बनर्जी की उस हरी फाइल में क्या सूचनाएं, रहस्य, ब्यौरे बंद थे कि उस फाइल को कब्जाने, मुख्यमंत्री होने के बावजूद, वह प्रतीक जैन के घर और दफ्तर तक पहुंच गईं?

**-धनंजय राजौरा**

# वैश्विक युद्ध की प्रेत-छाया में व्यापारिक द्वंद का दौरा

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य व्यापारिक संप्रभुता और विश्व की अर्थव्यवस्था मैं सिरमौर बनने के प्रयासों की ओर बढ़ रहा है। इस समय विश्व व्यवस्था की परिघटना में एक ऐतिहासिक मोड़ आ गया है जहाँ शांतिपूर्ण सहयोग और आर्थिक प्रतिस्पर्धा, युद्ध की परंपरागत विधि की अपेक्षा पहले से कहीं अधिक निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

आज 21वीं सदी में पारंपरिक भौतिक युद्ध के स्थान पर देश व्यापार युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और नीतिगत टकराव के माध्यम से अपनी शक्ति, प्रतिष्ठा और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने में लगे हैं। यह स्पष्ट है कि अब विश्व युद्ध नहीं, बल्कि व्यापार युद्ध होने की संभावना अधिक है, क्योंकि दुनिया के अधिकांश प्रमुख देशों ने इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं।

आज विश्व अर्थव्यवस्था में शक्ति संतुलन का निर्धारण केवल सैन्य बल से नहीं होता बल्कि आर्थिक ताकत, वैश्विक व्यापार नीति, निवेश सहयोग एवं तकनीकी नेतृत्व से होता है। अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे प्रमुख देश अब सीधे युद्ध की बजाय आर्थिक रणनीतियों, शुल्क, व्यापार समझौतों, बाजारों तक पहुंच और पूंजी आकर्षण की लड़ाई में लगे हैं। आज अमेरिका ने 2025 में भारत सहित लगभग 68 देशों के खिलाफ बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए, जिनका उद्देश्य अपने व्यापार घाटे को कम करना और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना है, जबकि इसी कदम ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ाया है ।

अमेरिका और चीन के बीच पहले से चले आ रहे व्यापार तनाव ने व्यापार युद्ध की अवधारणा को मज़बूती दी है, जहाँ दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा रहे हैं। इससे वैश्विक व्यापार नेटवर्क प्रभावित हो रहे हैं और कई उद्योगों में अस्थिरता आ रही है। अमेरिका-चीन के बीच यह टकराव केवल शुल्कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तकनीकी नियंत्रण, निवेश प्रतिबंध और आपूर्ति शृंखला पुनर्गठन जैसे मुद्दों पर भी उभर रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रवाहशीलता पर असर पड़ा है।

इस प्रतिस्पर्धा की पृष्ठभूमि में प्रत्येक देश अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए नीतिगत परिवर्तन कर रहा है। भारत ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2024-25 में निर्यात में लगभग 15.52% की वृद्धि दर्ज की है, जिससे इसके व्यापार घाटे में भी उल्लेखनीय कमी आई है। भारत के निर्यात में मर्चेंडाइज और सेवा दोनों का योगदान रहा है और यह वैश्विक बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को मजबूती देता है। अमेरिका, जो समय-समय पर अमेरिका फर्स्ट जैसी नीति अपनाता रहा है, वह अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करते हुए उच्च टैरिफ लागू करता है, जिससे उसके व्यापारिक साझेदारों को आर्थिक संतुलन में बदलाव का सामना करना पड़ता है। अमेरिका के इस कदम से न केवल चीन, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के साथ भी तनाव उत्पन्न होने का खतरा बढ़ रहा है। अमेरिका का लक्ष्य लंबे समय से अपने व्यापार घाटे को कम करना रहा है, जो लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर का रहा है, और इसी वजह से टैरिफ नीति का सहारा लिया जा रहा है।

चीन की स्थिति भी दिलचस्प है, जो अब विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ अपनी वैश्विक पहुंच और तकनीकी क्षमता का विस्तार कर रहा है। चीन बेल्ट एन्ड रोड (बीआरआई) के जरिए कई देशों को अपनी आर्थिक परिधि में लाने का प्रयास कर रहा है, जबकि अमेरिका उसे रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देख रहा है।

भारत ने हमेशा आधिकारिक तौर पर कहा है कि वह गुटनिरपेक्ष राजनीति और शांति की दिशा में विश्वास रखता है। भारत का रुख पारंपरिक सैन्य आक्रामकता से अलग है; वह व्यापार, निवेश, आर्थिक सुधार और तकनीकी नवाचार के माध्यम से विश्व में शांति एवं विकास का संदेश देना चाहता है। भारत जैसे उभरते बाजार देश ने व्यापार समझौतों पर जोर दिया है और उसने अनेक मुक्त व्यापार व साझेदारी समझौते किए हैं, जिनसे उसके निर्यात को बाज़ारों तक पहुंचाने में मदद मिली है और वैश्विक भागीदारों के साथ उसके संबंध मजबूत हुए हैं। दूसरी तरफ, पश्चिम एशियाई खाड़ी देश, जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि, मुख्य रूप से तेल और ऊर्जा व्यापार में व्यस्त हैं।

इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं कच्चे तेल पर निर्भर हैं और तेल की कीमतों तथा वैश्विक ऊर्जा मांग पर उनकी आर्थिक स्थिति काफी हद तक टिकी हुई है।

वे अपने संसाधनों का उपयोग वैश्विक निवेश और ऊर्जा सुरक्षा पर दबदबा बनाए रखने के लिए कर रहे हैं। इस क्षेत्र में आंतरिक विद्रोह, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक विविधीकरण की चुनौतियों के बीच इन देशों की नज़र वैश्विक आर्थिक संतुलन और निवेश आकर्षण पर टिके हुए हैं।

ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा जैसे विकसित देश भी रक्षा और रणनीतिक सहयोग से अधिक आर्थिक सुधार और वैश्विक व्यापार में प्रभाव के लिए प्रयासरत हैं। यूरोपीय संघ के भीतर व्यापार नीतियों, तकनीकी मानकों और आव्रजन नीतियों के माध्यम से वे अपने बाजार को संरक्षित करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का काम कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया, इसके प्राकृतिक संसाधनों और खुले व्यापार मॉडल के कारण, वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अर्थव्यवस्था और वैश्विक शक्ति के बीच यह नया संबंध दर्शाता है कि आज दुनिया की लड़ाई ,कौन बड़ा सैनिक है की नहीं बल्कि ,कौन बड़ा व्यापारी और निवेशक है की हो गई है। इस प्रतिस्पर्धा का प्रभाव रोज़गार, मुद्रास्फीति, निवेश प्रवाह और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर भी देखने को मिलता है। शोध बताते हैं कि आयात शुल्क और व्यापार संघर्षों से वैश्विक रोजगार में करोड़ों नौकरियों के नुकसान का खतरा भी होता है, विशेषकर निम्न-कुशल श्रमिकों पर यह प्रभाव और अधिक गहरा होता है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि दुनिया अब सामरिक युद्धों की अपेक्षा अर्थव्यवस्था, व्यापार नीति, तकनीकी नेतृत्व और निवेश रणनीति के युद्ध में प्रवेश कर चुकी है।

ऐसी स्थिति में युद्ध की विधि सैन्य टकराव से बढ़कर आर्थिक प्रभाव, व्यापार प्रोत्साहन, वैश्विक साझेदारी और स्थिरता की दिशा में केंद्रित हो रही है। तथा इसमें भारत जैसे गुटनिरपेक्ष देश की भूमिका विशुद्ध रूप से शांति, आर्थिक समृद्धि और सहयोग की दिशा में अग्रसर होती दिखाई देती है। इस समग्र परिप्रेक्ष्य से यह स्पष्ट है कि 21वीं सदी में व्यापार युद्ध ही मुख्य संघर्ष का मैदान है, जहाँ शक्ति का निर्धारण केवल बंदूक या टैंक से नहीं बल्कि बाज़ार, नीति, नवाचार, और वैश्विक सहयोग से होता है।

**-संजीव ठाकुर**

# Gen-G और उभरता भारतः संभावनाओं का विस्फोट या दिशा की तलाश?




भारत आज इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसकी सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा पीढ़ी – Gen-G (Generation Growth / Generation Global) बन चुकी है। यह वह पीढ़ी है जो न केवल सपने देखती है, बल्कि उन्हें डिजिटल गति, वैश्विक दृष्टि और भारतीय संस्कारों के साथ उसे साकार भी कर रही है। भारत आज किसी संक्रमण काल में नहीं, बल्कि पीढ़ीगत परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आज का भारत Gen-G के कंधों पर सवार है – वह पीढ़ी जो जन्म से ही डिजिटल है, वैश्विक है और सवाल करने का साहस रखती है। यह पीढ़ी भारत को केवल आगे नहीं बढ़ा रही, बल्कि उसकी परिभाषा को बदल रही है।

Gen-G कौन- Gen-G मोबाइल में दुनिया रखती है, यह पीढ़ी प्रश्न पूछती है, तर्क करती है, और व्यवस्था को स्वीकारने से पहले उसे समझना और सुधारना चाहती है। यही कारण है कि आज का भारत केवल उभरता नहीं, बल्कि नेतृत्व करता भारत बनता जा रहा है। ल्द्गठ्ठ-त्न भावनाओं से नहीं, डेटा और निर्णय से चलती है। वह भीड़ का हिस्सा बनने के बजाय नेतृत्व करना चाहती है। यही कारण है कि भारत आज स्टार्टअप की संख्या में विश्व के शीर्ष देशों में है, डिजिटल भुगतान में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है और अंतरिक्ष से लेकर एआई तक अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है।

आत्मनिर्भरता का नया अर्थ- Gen-G के लिए आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नारा नहीं, बल्कि व्यवहारिक रणनीति है। यह पीढ़ी नौकरी की सुरक्षा से अधिक आत्मनिर्भर बनाने को ज्यादा को महत्व देती है। परिणामस्वरूप, भारत का युवा पारंपरिक करियर ढाँचों को तोड़कर जोखिम उठा रहा है – और यही जोखिम राष्ट्र की प्रगति का इंजन बन रहा है।

डिजिटल सोच, आत्मनिर्भर भारत- स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, UPI, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी – इन सभी अभियानों की धड़कन में ल्द्गठ्ठ-त्न की सक्रिय भागीदारी है। यह पीढ़ी नौकरी ढूँढने वाली नहीं, बल्कि रोज़गार देने वाली बन रही है। गाँव से लेकर ग्लोबल मार्केट तक, भारतीय युवा अपनी पहचान बना रहे हैं।

परंपरा और प्रगति का संगम- Gen-G न तो अतीत से कटती है और न ही भविष्य से डरती है। योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाएँ, लोककला – सबको आधुनिक मंच पर ले जाकर यह पीढ़ी विश्व को भारत की आत्मा से परिचित करा रही है। यही संतुलन भारत को विशिष्ट बनाता है।

संस्कार बनाम स्क्रीन- हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि डिजिटल क्रांति ने जितनी संभावनाएँ खोली हैं, उतनी ही विसंगतियाँ भी पैदा की हैं। सोशल मीडिया की त्वरित प्रसिद्धि, जमीनी विमर्श और मानसिक दबाव Gen-G के सामने गंभीर चुनौती हैं। प्रश्न यह नहीं कि युवा भटक रहा है या नहीं, प्रश्न यह है कि व्यवस्था उसे सही दिशा दे रही है या नहीं।

शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा प्रश्न- आज की शिक्षा प्रणाली ल्द्गठ्ठ-त्न की गति के साथ कदम नहीं मिला पा रही। पाठ्यक्रम पीछे है, कौशल आगे निकल चुका है। जब तक शिक्षा डिग्री से कौशल और रटंत से तर्क की ओर नहीं बढ़ेगी, तब तक जनसांख्यिकीय लाभांश बोझ हीं लगती रहेगी ।

राष्ट्र को युवाओं पर भरोसा करना होगा- भारत का भविष्य केवल योजनाओं से नहीं बनेगा, बल्कि युवाओं पर विश्वास से बनेगा। ल्द्गठ्ठ-त्न को नियंत्रित नहीं, सशक्त करने की आवश्यकता है। नीति निर्माण में उनकी भागीदारी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जवाबदेही – तीनों का संतुलन अनिवार्य है।

चुनौतियाँ भी कम नहीं- हालाँकि, ल्द्गठ्ठ-त्न के सामने बेरोज़गारी, मानसिक दबाव, सोशल मीडिया की आभासी दुनिया और त्वरित सफलता की दौड़ जैसी चुनौतियाँ भी हैं। आवश्यकता है सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूल्य आधारित मार्गदर्शन हो।

भविष्य का भारत- ल्द्गठ्ठ-त्न के हाथों में- यदि Gen-G को अवसर, विश्वास और जिम्मेदारी दी जाए, तो भारत केवल आर्थिक महाशक्ति ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों वाली वैश्विक शक्ति बनेगा। यह पीढ़ी बदलाव की प्रतीक्षा नहीं करती, स्वयं बदलाव लाती है। Gen-G ही भारत का वर्तमान है, और यही उसका भविष्य भी।

निष्कर्ष- Gen-G भारत की सबसे बड़ी शक्ति भी है और सबसे बड़ी परीक्षा भी। यदि इस ऊर्जा को सही दिशा मिली, तो भारत केवल आर्थिक महाशक्ति नहीं बनेगा, बल्कि विचार, नवाचार और मानवता का वैश्विक केंद्र बनेगा। अन्यथा, यह ऊर्जा असंतोष में बदलते देर नहीं लगाएगी। अब निर्णय हमारे हाथ में नहीं, हमारी पीढ़ी के हाथ में है।

**-कमलेश झा**

# हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का मार्ग है

**9 मंडलों के 80 गांवों के लोग सम्मलित हुए**

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश -सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य रविवार को 9 मंडलों एवं देवास नगर की 17 बस्तियों के साथ करनावद, भौरांस एवं पिपलरवा नगर में भी विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिनमे एक लाख स्व अधिक लोग सम्मलित हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष होने पर आयोजित हो रहे है।

ग्रामीण अंचलों के 9 मंडलों में 80 गांवों के लोग सहभागी हुए। देवास नगर में इटावा,विजयनगर, मुखर्जीनगर,रामनगर,मोती बंगला,नई आबादी,कैलादेवी, सनसिटी, नागदा, जवाहर नगर, कालानी बाग, बजरंगपुरा, तुलजा भवानी, राजाभाऊ, महांकाल, राधागंज, आदर्श नगर एवं भोसले कालोनी बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित



हुए। इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती,गो पूजन, शास्त्र पूजन,कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंच परिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर समरसता सहभोज भी आयोजित किये गए। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृ शक्तियां,समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में रहे वक्ताओं ने हिन्दू समाज को अपनी सनातन परंपराओं,मूल्यों एवं संगठन शक्ति के प्रति जागरूक करने का आव्हान किया। सामाजिक एकता को मजबूत करने एवं राष्ट्रहित में सामूहिक योगदान पर बल देना सभी का कर्तव्य है। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के महत्व को बताया। संतो ने हिन्दू समाज की एकजुटता ही विश्व कल्याण का मार्ग है बताया। आगामी दिनों में देवास नगर की शेष15 बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

पिपलरवा के हिन्दू सम्मलेन में 2 बेटियों का विवाह भी हुआ- पीपलरवा नगर के हिंदू सम्मेलन समरसता का विशेष रूप देखने को मिला। याहं आयोजन समिति द्वारा हिन्दू सम्मलेन में गरीब परिवारों की दो बेटियों का निशुल्क विवाह भी करवाया गया। इसमें हिंदू सम्मेलन में सहभागी हजारों लोगों ने नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ

**जनप्रतिनिधियों द्वारा कृषि रथो को दिखाई हरी झंडी**

**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष-2026 के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राजधानी भोपाल से कृषक कल्याण वर्ष-2026 का भव्य शुभारंभ कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तर पर कृषि उपज मंडियों एवं विकासखंड मुख्यालयों पर किया गया। जिले में इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कृषक रथों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रमो का शुभारंभ किया गया।




प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा विकासखंड शुजालपुर में, शाजापुर विधायक श्री अरुण भीमावद द्वारा ग्राम पंचायत बिकलाखेड़ी से शाजापुर विकासखंड के कृषक रथ, ग्राम पंचायत जलोदा 'स' से विकासखंड मो. बड़ोदिया के कृषक रथ एवं कालापीपल विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी द्वारा ग्राम पासीसर में आयोजित कार्यक्रम में कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई।

गांव की चौपाल पर मिलेगी वैज्ञानिक सलाह- उपसंचालक कृषि श्री आरएल जामरे ने बताया कि यह कृषक रथ जायद फसलों की बुवाई से पूर्व एक माह तक जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा।

रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग सहित संबंधित विभागों–पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें नवीनतम एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करेंगे।

# दौलतपुर में हुआ अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन, विद्यार्थियों को दी वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण की जानकारी



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत नगर वन दौलतपुर में 10 जनवरी को स्कूली विद्यार्थियों को वन,वन्य प्राणी एवं पर्यावरण की सुरक्षा एवं उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से अनुभूति का कार्यक्रम प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया।

जिसमें वनमंडलाधिकारी देवास अमित सिंह चौहान, राजेश चौहान वन परिक्षेत्राधिकारी देवास, वन परिक्षेत्र देवास का पूरा वन स्टाफ, शासकीय सी एम राइज उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनकच्छ के कुल 120 छात्र-छात्राएं और उनके साथ में उनके शिक्षकगण, शासकीय चिकित्सालय सोनकच्छ का स्टाफ उपस्थित रहा। वन मंडलाधिकारी देवास द्वारा जल संरक्षण कैसे करें तथा जल संरक्षण एवं पेड़ पौधों के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को सरल शब्दों में बताया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित वन परिक्षेत्राधिकारी देवास द्वारा छात्र छात्राओं को इस बदलते परिवेश में हम हैं धरती के दूत अनुभूति कार्यक्रम की थीम के तहत वन,वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

अनुभूति कैंप में विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति की पाठशाला में पेड़ पौधे औषधीय पौधे, पक्षी, तितलियां, सर्प प्रजाति, हिरण, मृग, मधुमक्खियां, दीमक और जल संरक्षण की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, साथ ही वन, वन्य प्राणी, पर्यावरण, म.प्र. सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम सफल होने पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनकच्छ गणपत सिंह तंवर ने सभी उपस्थित अधिकारियों और उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**अवैध शराब परिवहन में देवास पुलिस की बड़ी कार्यवाही ठेकेदार भी गिरफ्तार**

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में ऑपरेशन प्रहार प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है ।

इसी क्रम में दिनांक 09.01.2026 को पुलिस थाना बरोठा पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सिल्बर रंग की वेगेनार कार रेवाडी से कैलोद तरफ जा रही है जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक श्रीमती सविता सिंह तत्काल मय फोर्स के मुखबिर सूचना द्वारा बताये गये स्थान कैलोद गांव से रेवाडी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुची जहां पर एक सिल्वर रंग की वेगेनार कार सामने की तरफ से आते हए दिखाई दी, जिसका चालक पुलिस को देखकर अपनी कार को भगा कर ले जाने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर रोका गया. कार की तलाशी लेने पर कार की




आगे वाली कंडक्टर सीट,पीछे वाली सवारी सीट एंव उसके नीचे एवं कार की डिक्की में शराब की पेटियां रखी हई पायी गयी, जिसके संबंध में चालक से पूछने पर उसके द्वारा उक्त पेटियों में शराब होना बताई गयी जिसके परिवहन एवं रखने के संबंध में वैध लायसेंस के सबंध में पुछताछ करने पर कोई वैध लायसेंस नही होना बताया गया । उक्त वाहन में अग्रेंजी शराब की कुल 38 पेटी जिनमें 334 लीटर अवैध शराब होना पायी गई । बाल अपचारी के कब्जे से उक्त शराब को मय 01 सिल्वर रंग की वेगेनार कार क्रमांक एमपी 13 सीए 7481 के जप्त किया जाकर पुलिस थाना बरोठा पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 12/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया हैं । विवेचना के दोरान विधी से संघर्षरत बालक के द्वारा बताये गये बयान के आधार पर लाइसेंसी ठेकेदार एवं उसके साथी को गिरफ्तार किया गया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1.विधि से संघर्षरत अपचारी बालक ।

2.मोनु उर्फ मन प्रीत सिंह जुनेजा पिता तेजपाल सिंह जुनेजा निवासी देवास ।

3.अमन पिता कमल नागर निवासी बरोठा देवास।

**अपराधिक रिकार्ड**

विधी से संघर्षरत बालक- थाना बरोठा पर 01.अप.क. 516/2024 धारा 115(2), 117(2),296, 324(4),351(3) बीएनएस 02.अप.क्र. 05/2025 धारा 296,324(4),351(3),3(5) बीएनएस 03.अप.क्र. 17/2025 धारा 34 आबकारी एक्ट थाना औद्योगिक क्षेत्र पर अप.क्र. 414/2023 धारा 363 भादवि

मोनू उर्फ मनप्रित सिंह जूनेजा पिता तेजपाल सिंह जूनेजा निवासी देवास ।

थाना कोतवाली पर अप. क्र 909/2009 धारा - 294,323.324,34,506 भादवि

अमन पिता कमल नागर निवासी बरोठा जिला देवास - थाना बरोठा पर 1. अप.क्र 215/2017, धारा - 294,323,452,506.34 भादवि ,2. अप.क्र 58/2022, धारा 294,323,506.34 भादवि

सराहनीय कार्य - उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा श्रीमती सविता सिंह,उनि मलखान सिंह भाटी,मयंक वर्मा,सउनि ईश्वर मण्डलोई,गोरीशंकर झाँ,प्रआर तेज सिंह सिन्हा,दयाराम ईस्के,सचिन पाल,आर विकास,पियूष,पवन,अक्षय,अरुण,आशीष,अजय, आदर्श,सैनिक शेखर,संजीव,महेश,मुकेश एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।

# महिदपुर में 13 जनवरी को विशाल निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बांगर (जिला देवास) द्वारा शासकीय चिकित्सालय महिदपुर में दिनांक मंगलवार, 13 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक विशाल निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर डॉ. मनीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में अमलतास हॉस्पिटल के वरिष्ठ एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें

डॉ. दीपशिखा सोलंकी, डॉ. वंदना टेलगोटे, डॉ. शिशिर, डॉ. अरुण पाटीदार, डॉ. ममलेश्वरी पाटिल और डॉ. सोनिया शर्मा शामिल हैं।

साथ ही नेत्र सहायक अजय सक्सेना, निमिषा श्रीवास्तव और राजेश वर्मा भी अपनी सेवाएं देंगे।

शिविर में कम दिखाई देना, आंखों में पानी आना, जलन, खुजली, सूजन, दर्द सहित आंखों से जुड़ी सभी बीमारियों की जांच अत्याधुनिक मशीनों से निःशुल्क की जाएगी।

शिविर की विशेषता यह रहेगी कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन अत्याधुनिक फेको मशीन एवं लेजर तकनीक से फोल्डेबल लेंस प्रत्यारोपण सहित निःशुल्क किए जाएंगे।

जो ऑपरेशन निजी अस्पतालों में ?25,000 से 30,000 तक में होते हैं, वही ऑपरेशन आयुष्मान योजना एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण समिति के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त कांच बिंद, नासूर, नाखूना, भेंगापन (तिरछापन), पलक का लकवा, आंखों के पर्दे में खून आना जैसी गंभीर बीमारियों की भी जांच एवं आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन किए जाएंगे।

शिविर में आने वाले सभी मरीजों के लिए आने-जाने की व्यवस्था, भोजन, दवाइयाँ एवं चश्मों का वितरण भी पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।

अमलतास हॉस्पिटल प्रबंधन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 13 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे शासकीय चिकित्सालय महिदपुर पहुंचकर इस निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाएं।

# कृषि कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ अवसर पर सीहोर में कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को मध्यप्रदेश में कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में इस कृषि कल्याण वर्ष का शुभारंभ किया। इस अवसर सीहोर स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के



कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने कृषि रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 11 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन जिले की ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा और किसानों को आय में वृद्धि, कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के संबंध में जागरूक करेगा।

# युवा संगम व रोजगार मेला आज ग्यारसपुर में आयोजन

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवाओ को रोजगार एव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी को जनपद पंचायत ग्यारसपुर के परिसर में स्थित अजीविका भवन में पूर्वाहन 11 बजे से आयोजित किया गया है।

जिला रोजगार अधिकारी श्री एबी खान ने बताया कि आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों केझ प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा शासन के अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ॠण उपलब्ध कराये जाने की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। आवेदक की योग्यता 10वी पास या उससे अधिक तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष। आवेदको साक्षात्कार के लिये शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। रोजगार मेले में शिव शक्ति एग्रोटेक लि. भोपाल, एनआईआईटी एच.डी.एफ.सी. बैंक, एल एन जे भोपाल, यशयस्वी ग्रुप, एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षत संस्थान विदिशा, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस विदिशा, एल.आई.सी. विदिशा, नवः भारत फर्टीलाईजर्स, होम हेल्थ सेंटर रायसेन आदी।

# 5100 पतंग के साथ चकरी व तिलगुड़ के लड्डूओ का होगा वितरण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिन्दू उत्सव समिति एवं धर्मेन्द्र सिंह बैस मित्र मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर सक्रांति पर्व उत्साह व पारम्परिक रूप से विधायक श्रीमंत गायत्रीराजे पवार के मार्गदर्शन में मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष श्री बैस ने बताया कि 14 जनवरी को प्रात~ 11 बजे से स्टेशन रोड स्थित गजरा गियर्स चौराहे पर भव्य मंच लगाकर मकर सक्रांति के गीतों के साथ सभी को मंगल तिलक लगाया जाएगा। तत्पश्चात 5100 पतंगों के साथ चकरी व तिलगुड़ के लड्डूओ का वितरण बच्चों को आमजनों को किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी समिति के नीतिन जलोदिया ने दी।

# अब तक एक लाख 51 हजार से अधिक ग्रामीण कृषकों ने लिया मात्र 5 रुपये में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। दिसंबर 2024 से शुरू हुई इस योजना में एक लाख 51 हजार 849 ग्रामीण कृषकों को लाभ मिल चुका है। इनमें से 56 हजार 238 घरेलू तथा 95 हजार 611 कृषि पंप कनेक्शन शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू तथा कृषि पम्पों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने के लिये ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं, उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है। नवीन घरेलू एवं कृषि पंप के लिये स्थायी विद्युत कनेक्शन का आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इसके लिए portal.mpcz.in पर मांगी गई आवश्यक जानकारी देनी होती है। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# G हब (इंदौर आर्थिक क्षेत्र) नीति आयोग की बैठक सम्पन्न

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से G-Hub पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करते हुए औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, मानव संसाधन एवं संस्थागत क्षमताओं का समेकित आंकलन कर दोनों क्षेत्रों के लिए इकनॉमिक प्लान तैयार किया जा रहा है।




इस संबंध में वर्चुअल बैठक के माध्यम से आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष शाजापुर में अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विजन-2047 एवं औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों को दृष्टिगत रखते हुए शाजापुर जिले के प्रमुख शहरी क्षेत्र, उनके समयबद्ध विकास योजना, औद्योगिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

'ग्रोथ हब फॉर सिटी रीजन की अवधारणा'- नीति आयोग भारत सरकार की प्रमुख आर्थिक सलाहकार सुश्री एना रॉय ने बताया कि नीति आयोग द्वारा वर्ष 2023 में शहरी नियोजन हेतु ग्रोथ हब फॉर सिटी रीजन की नई अवधारणा प्रारंभ की गई है। वर्तमान में भोपाल एवं इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन की योजना तैयार की जा रही है, जिसमें शाजापुर जिला इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन में महत्वपूर्ण घटक हैं। 'शाजापुर जिले की औद्योगिक एवं निवेश संभावनाएं' अपर कलेक्टर श्री सोलंकी ने बताया कि इंदौर ग्रोथ हब में शाजापुर जिले को सम्मिलित किया गया है जिसमें शुजालपुर कालापीपल एवं शाजापुर-देवास निवेश क्षेत्र आगामी औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों से नीति आयोग के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। साथ ही बैठक में प्रमुख रूप से जिले के औद्योगिकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महाप्रबंधक उद्योग श्री नवीन कुमार शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में शाजापुर मुख्यालय से लगे इंडस्ट्रियल पार्क, भैरव डोंगरी में आगामी समय में भूमि आवंटन के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, फेब्रिकेशन, एग्रीकल्चर इक्विपमेंट आधारित उद्योग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही 4 नए प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र पोलायकलां एंड पीपलरवा, कालापीपल, महुआखेड़ी और चक्जियाजीपुर के माध्यम से जिले में रोजगार सृजन कर, निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। एमपीआईडीसी से जिला अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि वर्तमान में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया पोलायकलां को भविष्य ने विस्तारित कर 600 हैक्टेयर क्षेत्र तक विकास किया जाएगा।

बैठक में लोकनिर्माण विभाग, जल निगम, पशुपालन, पॉलीटेक्निक कॉलेज, नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा जिले में प्रस्तावित एवं विकासाधीन मेगा प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराया गया। नवकरणीय ऊर्जा विण्ड एवं सौलर उर्जा की जिले में अपार संभावनाएं है। इसके लिए उद्योगो की उर्जा की आवश्यकताओं को देखते हुए आगामी 10 वर्षो के लिए योजना बनाई जाये। औद्योगिक क्षेत्र के लिए जिले में लेब, रिसर्च इंस्टीट्यूट को आईआईटी से लिंक किया जाए। उद्योगों में ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एजुकेशन, अस्पताल, पुलिस स्टेशन, होटल, कामर्शियल इंटिग्रेटेड हाउसिंग की योजना को ध्यान में रख कर शहर के विकास के लिए योजना बनाई जाये।

आगामी वर्षों में सभी नगरीय निकाय के समीप इण्डस्ट्रीयल एरिया सिटी से बाहर एकीकृत विकास के साथ विकसित किये जाएंगे। इण्डस्ट्रीयल एरिया को फोकस करते है ट्रान्सपोर्ट के लिए रोड़, रेलवे एवं व्हीकल प्रस्तावित करें।

# निपुण शाजापुर के लिए कम प्रदर्शन वाली शालाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार डाइट शाजापुर में एफएलएन अंतर्गत कम प्रदर्शन वाली शालाओं के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें विकासखंड कालापीपल एवं मोहन बड़ोदिया के शिक्षकों को सम्मिलित किया गया, जिन शालाओं में विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं पाया गया था।

उन्मुखीकरण के दौरान भाषा एवं गणित के एफएलएन लक्ष्यों, पूर्ण पाठ योजना तथा शिक्षण विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही कक्षा में उसके प्रभावी क्रियान्वयन का डेमो भी प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों को प्रतिदिन नियमित कक्षा संचालन के अतिरिक्त 30 मिनट अतिरिक्त अभ्यास गतिविधियाँ मॉड्यूल के अनुसार कराने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे बच्चों के पठन एवं गणितीय स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। यह उन्मुखीकरण डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डाइट से जिला एफएलएन प्रभारी श्री महेश भेसानिया द्वारा किया गया एवं शिक्षकों को अतिरिक्त अभ्यास समय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को इसे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में शिक्षकों से विद्यार्थियों के साथ लगातार इन मॉड्यूल में दी गई गतिविधियों करने को कहा गया जिससे निर्धारित अवधि में प्रगति सुनिश्चित की जा सके। शिक्षक संदर्शिका के नियमित एवं प्रभावी उपयोग, कक्षा में भाषा एवं गणित कोने को सुदृढ़ करने तथा सभी बच्चों को दक्षता स्तर तक पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्मुखीकरण में मिशन अंकुर से श्री अभिषेक चतुर्वेदी, श्री सभाजीत पटेल सहित समस्त मास्टर ट्रेनर श्री अरुण पाटीदार, श्री नगजीराम पाटीदार उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निम्न प्रगति वाली शालाओं में शैक्षणिक सुधार लाना, शिक्षकों को उत्तरदायी बनाना तथा सुनियोजित प्रयासों के माध्यम से सभी बच्चों को एफएलएन के अपेक्षित स्तर तक पहुँचाना रहा।

# भव्य हिन्दू सम्मेलन सामाजिक समरसता के साथ संपन्न





**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 11 जनवरी 2026 रविवार को नगर के केशव बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। नगर के शीतला माता मंदिर से धर्मयात्रा प्रारंभ हुई जो केशव बस्ती में भ्रमण करते हुए गायत्री मंदिर परिसर पहुंची। जहां संत समाज से श्री राम सुमिरन दास जी महाराज, राडी माता मंदिर आश्रम महा, पंडित आशीष शर्मा गणेश मंदिर पुजारी, पंडित योगेश उपाध्याय लालमाता मंदिर पुजारी, पंडित जनमेजय जी पाटीदार पुजारी गायत्री मंदिर आलोट, डॉ. वर्षा तिवारी शासकीय भगतसिंह महाविद्यालय जावरा प्राध्यापिका, नमित जी कर्वे रतलाम विभाग धर्म जागरण प्रमुख , केशव बस्ती हिंदू सम्मेलन संयोजक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी आलोट के आतिथ्य में भारत माता के पूजन दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

उपस्थित अतिथियों का परिचय गौरव भैंसोटा ने करवाया। हिंदू सम्मेलन में संत श्री श्री राम सुमिरन दास जी महाराज ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए संत समाज का भारत वर्ष में योगदान, संतो की भूमिका ओर शास्त्रार्थ ज्ञान देकर संबोधित किया। उसके बाद डॉ. वर्षा तिवारी दीदी ने संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण पर विस्तार पूर्वक विषय को साझा किया। संघ के वरिष्ठ प्रचारक नमित कर्वे ने संघ शताब्दी वर्ष पर संबोधित करते हुए बताया कि हिंदू समाज की एकता ही हमारी शक्ति है, संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर कोई दिखावा या बड़े बड़े खर्चीले कार्यक्रम नहीं कर रहा बल्कि समाज को एक जुट कर एक जाजम पर बिठा कर सामाजिक समरसता के कार्य कर रहा है। ओर ये हिंदू सम्मलेन भी उसी का हिस्सा है।

जात पात की करो बिदाई, हिन्दू हिन्दू भाई भाई के भाव के साथ में हमें रहना होगा हमारी शक्ति हमारी एकता में है। इसके बाद भारत माता की आरती की गई। हिंदू सम्मेलन में वीर महापुरुषों की चित्र प्रदर्शनी, व्यायामशाला के शस्त्रों की प्रदर्शनी एवं घोष वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही । आरती के पश्चात केशव बस्ती के प्रत्येक सनातनी परिवार से पधारे हिंदू बंधु भगिनीयों का सामूहिक रूप से एक साथ एक संगत एक पंगत के भाव से भोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट प्रहलाद सिंह परिहार ने किया एवं आभार श्री देवनारायण हिन्दू सम्मेलन समिति के सहसंयोजक कमल खींची ने व्यक्त किया ।

## भारतीय पत्रकार संघ की प्रदेश कार्यकारणी बैठक बदनावर में

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय पत्रकार संघ (एआइजे) की मध्यप्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 15 तारीख बुधवार को प्राची श्री रिर्सोट बदनावर में किया जाएगा। बैठक में संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी जिलाध्यक्ष, सचिव एवं आमंत्रित सदस्य मौजूद रहेगे। भारतीय पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्निहोत्री ने बताया कि एआइजे संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एवं नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन 15 जनवरी गुरुवार को दोपहर 2 बजे प्राची श्री रिर्सोट एकवीरा रोड बदनावर पर किया जाएगा। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय पत्रकार संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमजी सेन एवं पत्रकारों के मार्गदर्शन हेतु प्रमुख वक्ता नवभारत समूह संपादक एवं एआइजे राष्ट्रीय संरक्षक क्रांतिजी चतुर्वेदीजी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही पत्रकारों के हितार्थ मिलने वाली सुविधाएं शासन स्तर पर मिले इस हेतु प्रस्ताव पारित किया जाएगा। बैठक में पत्रकारों की अधिमान्यता हेतु कार्ययोजना बनायी जाएगी। बैठक में संगठन प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला सचिव एवं संगठन संरक्षक, विशेष आमंत्रित सदस्यगण सहभागिता करेगे। जानकारी प्रदेश एआइजे प्रदेश प्रवक्ता महेश पाटीदार ने दी।

## शासकीय एकीकृत माध्यमिक की विद्यालय पिपलिया सिसोदिया में सूर्य नमस्कार का पूर्व अभ्यास किया गया



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपलिया सिसोदिया में छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार का पूर्व अभ्यास कराया गया सूर्य नमस्कार 12 जनवरी युवा दिवस के रूप स्वामी विवेकानंद जयंती के रूप में मनाया जाता है तथा सूर्य नमस्कार के 12 चक्र को छात्र-छात्राओं को समझ गया समझाया गया जिससे सूर्य नमस्कार करने से जिससे हमारा शरीर मजबूत एवं लचीला होता है और सूर्य से विटामिन डी भी प्राप्त होता है जिससे हमारी हड्डियां मजबूत होती है वर्ष 2012 से मध्य प्रदेश में सूर्य नमस्कार दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है यह मध्य प्रदेश के सभी शासकीय एवं सामाजिक संगठन द्वारा मनाया जाता है इस अवसर पर शाला के योग प्रभारी आनंद चावला प्रमिला रावत कल्पना शाक्य रमेश चंद्र पाटीदार जावेद मंसूरी मनीष पावर आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे सुरक्षा बल व गाड़ी सुरक्षा पार्टी की तत्परता से यात्री का कीमती लैपटॉप बैग सुरक्षित मिला



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुणे से रतलाम की यात्रा कर रहे मन्दसौर निवासी ओनिल जैन का ट्रेन में छूटा कीमती लैपटॉप बैग रेलवे सुरक्षा बल एवं गाड़ी सुरक्षा पार्टी की सतर्कता, ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई के चलते सुरक्षित वापस मिल गया।

सूचना प्राप्त होते ही गाड़ी सुरक्षा पार्टी के हेड कांस्टेबल कंचन मीणा, हेड कांस्टेबल जगदीश स्वामी एवं कांस्टेबल मुकेश राम जाट ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित कोच में पहुंचकर बैग की पहचान की और उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। नागदा स्टेशन पर रेल्वे सुरक्षा बल ए एसआई सोहनलाल द्वारा सजगता दिखाते हुए पहले से प्लेटफार्म पर उपस्थित रहकर ट्रेन के आगमन की प्रतीक्षा की गई। ट्रेन के नागदा पहुंचते ही रेलवे सुरक्षा बल द्वारा नियमानुसार कागजी कार्यवाही पूर्ण कर, सभी के समक्ष बैग की जांच कराई गई। इसके पश्चात बैग को यात्री के रिश्तेदार ब्रजेश बोहरा (पत्रकार, नागदा) को विधिवत सुपुर्द किया गया। बैग सुरक्षित मिलने पर ओनिल जैन ने रेल मदद पोर्टल पर ऑनलाइन धन्यवाद संदेश प्रेषित कर रेलवे सुरक्षा बल एवं गाड़ी सुरक्षा पार्टी की प्रशंसा की। वहीं पत्रकार ब्रजेश बोहरा ने बताया कि गाड़ी सुरक्षा पार्टी तथा नागदा रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता और ईमानदार कार्यवाही के कारण ही यात्री का 50 हजार का कीमती सामान सुरक्षित मिल सका, जिसके लिए सभी संबंधित कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

यह घटना रेलवे सुरक्षा बल एवं गाड़ी सुरक्षा पार्टी द्वारा यात्रियों की सेवा, सुरक्षा और विश्वास के प्रति समर्पण का सराहनीय उदाहरण है।

## दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन युवा कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष सरपंच शक्तिसिंह राठौड मनोनित



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षत्रिय नवनिर्माण सामाजिक सेवा समिति द्वारा संचालित दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन भोपाल मप्र की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अनुशंषा पर युवा कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष ग्राम पंचायत धारसीखेडा सरपंच एवं समाजसेवी शक्तिसिंह राठौड को मनोनित किया गया। यह नियुक्ति युवा प्रदेश अध्यक्ष ठा जगजीतसिंह चुण्डावत द्वारा की गई। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से आशा है कि आपकी सकारात्मक सोच के साथ संगठन को नई उंचाईयों पर पहुँचाने में सक्रिय भागीदारी करेगे। साथ ही संगठन को संगठीत कर समाज उत्थान में निरंतर सक्रिय रुप से कार्य कर समाज को गौरवांवित करेगे। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व शक्तिसिंह राठौड का मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का माहोल है। कई समाज सेवियों एवं समाजजनों ने श्री राठौड को बधाई देते हुए संगठन के वरिश्ठ पदाधिकारियों का आभार माना।

## जिले भर में बनेगा खेलों का वातावरण, सभी विकासखंडों में होगी चयन प्रक्रिया

**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों का बढ़ावा देने के उद्देश्य से 12 जनवरी 2026 से चार चरणों में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संबंधित खेल संघों के समन्वय से होगा। आयोजन को लेकर शुक्रवार को अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर ने बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी सुश्री पवी दुबे ने बताया कि एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, योगासन, मलखंभ, बास्केटबॉल, तैराकी, शूटिंग, जूडो, ताइक्वांडो, कायाकिंग-कैनोइंग, रस्साकशी, पिट्ठू, फेंसिंग, रोइंग, आर्चरी, बॉक्सिंग, कुश्ती आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर 12 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। आयु सीमा राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा जूनियर वर्ग के लिए निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार होगी। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवेदन पत्र और ऑनलाइन पंजीकरण https://gms.khelompygwz.com/registration करना अनिवार्य होगा। राज्यस्तरीय स्पर्धा पर बालक-बालिका को पृथक से प्रथम 31000, द्वितीय 21000, तृतीय 11000, चतुर्थ 7000 की राशि खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी। जिले के विभिन्न विकासखंडों में चयन प्रक्रिया अलग-अलग दिनांक में 12 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक होगी। चयनित बच्चे जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। बैठक में एजुकेशन विभाग के क्रीड़ा निरीक्षक श्री हबीब बैग मिर्जा, ट्राइबल विभाग के डीएसओ श्री अश्विन गुप्ता सहित खेल विभाग के कोच, समन्वयक एवं खेलों के एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# बदनावर को अपनी कर्म भूमि बनाकर रखा, सेवा में कोई कमी नही आने दूंगा- पूर्व मंत्री दत्तीगांव

### दत्तीगांव का जन्मदिन धुमधाम से मनाया, जिलेभर के लोग हुए शामिल



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व उद्योग मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजवर्धन सिंह दत्तीगांव का जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर बधाई दी। कार्यक्रम रात करीब 12 बजे तक चला। दत्तीगांव ने शुरुआत में अपने गृह गांव संदला में सुबह क्षेत्र से लोगों से मुलाकात कर बधाइयां स्वीकार की। इसके वे गांव ढोकलियापाडा पहुँचे। जहां स्कूली बच्चों को मिठाई बांटकर सेवाकार्य किया। इसके बाद काफिले के साथ में वह बदनावर पहुंचे। यहां गणेश श्यामशाला परिसर में भगवान गणेश जी के दर्शन कर कुश्ती कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। शासकीय महाविद्यालय में भी जन्मदिन मनाया गया। यहां से शीतलामाता बस स्टैंड, भेरूउखलिया, दुर्गा चौक, रावतसेरी, सोमेश्वर चौराहा, पिपलेश्वर मन्दिर, आंबड़ेकर चौराहा, नगर परिषद, बस स्टैंड, भट्ट कालोनी के सामने लगे स्वागत मंचो पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओ व समर्थकों के साथ केक काटे। इसके बाद श्री बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। जहां भोलेनाथ के दर्शन किए। यहां से जनपद पंचायत पहुंचे। वहां सचिव, सहायक सचिव व जनपदकर्मियों ने ढोल ढमाकों के साथ स्वागत किया। इसके बाद बड़ी चौपाटी स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पहुँचकर माल्यार्पण किया। यहां से पिटगारा, घटगारा, बोराली, टोल प्लाजा, रिटोडी, अमोदिया फाटे समेत बदनावर से कानवन तक रास्तेभर स्वागत मंच लगाए गए थे। जहां उनका स्वागत किया गया। वे कानवन चौपाटी पहुंचे। जहां हाथों में तख्तियां लेकर खड़े युवाओ की टोली ने गर्मजोशी से डीजे, ढोल ताशे के साथ स्वागत किया।

जन्मोत्सव का मुख्य कार्यक्रम कानवन में स्थित शिव वाटिका में किया गया था। जहां वे शाम करीब सात बजे पहुंचे। जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मोदी, मनीष जैन, मौनु जैन आदि ने आगवानी कर स्वागत किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने सभी के सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने उनके जन्मदिन को महत्वपूर्ण बना दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हमेशा जनता के कार्यों के लिए उपलब्ध रहेंगे और सभी के काम किए जाएंगे। डबल इंजन की सरकार गरीब कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही सच्चा मानव धर्म है। उन्होंने जोर दिया कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों को सामाजिक सरोकार से जोड़ना आत्मिक संतोष देता है और समाज में सकारात्मक संदेश भी पहुंचाता है।

दत्तीगांव ने कहा कि बदनावर मेरे पिता स्व प्रेमसिंह दत्तीगांव की कर्मस्थली है। पिताजी ने हमेशा विचारों और सिद्धांतों की राजनीति की थी। उनकी दी गई नसीहत मुझे जीवन पर्यंत याद रहेगी। बदनावर को अपनी कर्म भूमि बनाकर रखा। उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रहा हूं। उनकी कर्मस्थली बदनावर की सेवा करने का मुझे अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है।

जन्मदिन के अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा, भाजपा नेता समंदर सिंह पटेल उटावद, जनपद अध्यक्ष आशा कुंवर सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, पूर्व राज्यमंत्री महेंद्रसिंह पिपलीपाडा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह सोलंकी, भाजपा नेता शेखर यादव, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष महेंद्रसिंह सक्तावत, जिला पंचायत सदस्य विक्रम पटेल, कुलदीप सिंह पिपलीपाडा, भाजपा नेता दिनेश गिरवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम सोलंकी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, सह जिला मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी, भाजपा सह कार्यालय मंत्री अनामिका ठाकुर, भाजपा के सभी छह मंडलो के अध्यक्ष मनीष गुर्जर, गोविंद रघुवंशी, संजय सिंह राठौर, दिलीपसिंह सोलंकी, संतोष ढोलकिया, आशीष जैन समेत जिलेभर से आए भाजपा नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल थे।

48 किलोमीटर दौड़कर आया समर्थक, उधर दत्तीगांव के जन्मदिन पर उनका समर्थक 48 किलोमीटर दूरी पैदल दौड़कर पूरी कर बधाई देने पहुंचा। अमझेरा के रहने वाले राहुल सिंह कुंदनपुर अमझेरा से पैदल दौड़कर करीब 48 किलोमीटर दूर 4 घण्टे 28 मिनट में वे यह दूरी तय कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने दत्तीगांव का स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी। दत्तीगांव ने भी युवा का अभिनंदन किया। राहुल का स्वागत पूरे पांडाल में तालियों की गड़गड़ाहट से किया गया।

फ्लेक्स होर्डिंग्स से पटा मॉर्ग, जन्मदिन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओ समेत समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया था। पूरे नगर में जगह जगह बधाई के फ्लेक्स व होर्डिंग्स लगाए गए। इसके अलावा बदनावर से कानवन तक पूरे मॉर्ग पर भी होर्डिंग्स लगाए गए थे।

## कृषि वर्ष 2026 का शुभारंभ, विकासखंडों में चले कृषि रथ - हर पंचायत तक पहुंचेगी योजनाओं की जानकारी



**विदिशा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका भव्य शुभारंभ आज मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से जंबूरी मैदान, भोपाल में किया गया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विदिशा जिले से किसानों की बड़ी सहभागिता रही। जिले के उप संचालक कृषि श्री के.एस. खपेडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विदिशा जिले से 100 बसों की व्यवस्था की गई, जिनके माध्यम से 4270 कृषकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

कृषि वर्ष 2026 के शुभारंभ के साथ ही आज 11 जनवरी से जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक-एक कृषि रथ का संचालन भी प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में आज ग्राम ढोलखेड़ी से माननीय विधायक श्री मुकेश टंडन जी द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कृषि रथ शुभारंभ अवसर पर विदिशा जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी (कक्का) जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर शर्मा, उप संचालक कृषि श्री के.एस. खपेडिया, सहायक संचालक उद्यान श्री एस.एल. सोलंकी, सहायक संचालक कृषि श्रीमती अविना सिंह परिहार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री अशोक सिंह कौरव, जिला सलाहकार श्री डी.के. तिवारी, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विदिशा श्री विशाल यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा विक्रेता तथा ग्राम ढोलखेड़ी एवं इमलिया के कृषक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

विदिशा जिले के प्रत्येक विकासखंड अंतर्गत निर्धारित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का नियमित भ्रमण किया जाएगा। प्रतिदिन ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध विभागोंकृजैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधारों की जानकारी दी जाएगी।

# संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर में महाराणा प्रताप बस्ती का हिंदू सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हुआ



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर में महाराणा प्रताप बस्ती का हिंदू सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भारत माता पूजन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतश्री रामस्वरूप जी महाराज चारधाम मंदिर उज्जैन, मुख्य वक्ता विशाल बहल उज्जैन विभाग सह सेवा प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र मोदी बस्ती के सभी समाज प्रमुख मंचासीन थे।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में समग्र हिन्दू समाज को संगठित रहने का आव्हान किया, उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज विशेष का न होकर समस्त सनातन हिंदुओं का है, जिसका परिदृश्य मंचासीन समाज प्रमुखों की उपस्थिति बता रही है कार्यक्रम का संचालन अर्पित मोदी ने किया आभार कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र मोदी ने माना समरसता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इसी प्रकार संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में बेड़ावन मंडल का हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर धाकड़ धर्मशाला में संपन्न हुआ। दीप्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के पश्चात संतो का स्वागत किया गया । हिंदू सम्मेलन में मातृशक्ति के रूप में सुश्री खुशबू कैलाश सालित्रा के द्वारा पांच परिवर्तन एवं महिला सशक्तिकरण की बात कही गई एवं भागवताचार्य श्री गजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी के द्वारा धार्मिक जागरूकता एवं समाज उत्थान हेतु मार्गदर्शन दिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शैलेंद्र सिंह डोडिया के द्वारा कहा गया कि हिंदू जगे तो विश्व जगेगा एवं भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा।

श्री राम मंदिर बेड़ावन के महंत श्री रामछबिलेदास महाराज एवं पुजारी श्री निर्मल गुरुजी एवं मंडल के समस्त ग्रामों से पधारे समाज प्रमुख मंचसिन रहे। अतिथियों के द्वारा समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया ।हिंदू सम्मेलन में श्री हनुमान व्यायाम शाला के पहलवान के द्वारा अखाड़े का प्रदर्शन किया गया तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं परफेक्ट पब्लिक विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बेड़ावन मंडल के ग्राम बेड़ावन, आरोलिया देवड़ा, सरवना , दल्लाहेड़ा,महू, गुराछा, पानखेड़ी,मेलमुंडला हाफाखेड़ा आदि ग्रामों से हजारों की संख्या में हिंदुजन पधारे।हिंदू सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया एवं कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज का आयोजन किया गया। इसी प्रकार से नवादा मंडल का हिन्दु सम्मेलन का आयोजन कीया गया जिसमे संत श्री गोपाल दास त्यागी महाराज जो दो साल से निराहार है उन्होने कहा जो राम को मान ते है वह भेदभाव को नही मानते है मुख्य वक्ता के रूप में पवन जी भाटी उज्जैन विभाग के सह शारीरिक प्रमुख उन्होंने संघ के पांच परिवर्तन की बात कही कार्यक्रम में नवादा मंडल के नवादा, पासलोद, कलालखेड़ी, गुरला, लसुड़िया, करोंदिया गावो से सेकडो की संख्या में हिंदू समाज सम्मिलित हुआ।

## जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ, कृषि रथों को ग्रामों के लिए किया रवाना



**खरगोन/ अंजू त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी खरगोन में 11 जनवरी को जिला स्तर पर कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री शिव सिंह राजपूत द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उद्देश्य एवं विस्तृत रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें कार्यक्रम के माध्यम से ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली, फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती इत्यादि विषय पर चर्चा की गई। ई-विकास प्रणाली द्वारा अब किसान घर बैठे अपने मोबाइल से ई-टोकन जारी कर सुगमता से खाद प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में किसानों की समृद्धि के लिए मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से कृषि एवं सम्बंधित विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीकों, नवाचारों की जानकारी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी समस्त ग्राम पंचायतों में कृषकों को दी जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक कृषक सम्मिलित होकर लाभ लें।

# उन्हेल से महिदपुर कढ़ाई मार्ग निर्माण में अनियमितता एवं अधूरा निर्माण नाली विभिन्न आरसीसी रोड ग्रामीण क्षेत्रों में दर-दर भटकते ग्रामीण



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा उन्हेल से महिदपुर वाया कर्णावत आलोट जागीर गुराडिया सांगा कढ़ाई मार्ग का डामरीकरण एवं निर्माण राशि 21 करोड़ 98 लाख 54814 की आवंटित राशि से गुणवत्ता हैं रोड का निर्माण हुआ जिसकी शिकायत जिलाधीश महोदय संभागीय अधिकारी संबंधित रोड निर्माण विभाग को की जा चुकी है बनते बनते बनते बनते रिपेयरिंग हुआ रोड अपनी गुणवत्ता को दर्शाता है

तथा ग्रामीण बस्ती में आरसीसी रोड तो निर्माण हुआ किंतु रोड साइड नाली का निर्माण नहीं किया गया जबकि नाली निर्माण की डीपीआर स्वीकृत होकर राशि भी आवत आईटी दो करोड़ 35 लाख 24271 रुपए की राशि भी स्वीकृत है नाली की ड्राइंग भी सीक्रेट होते हुए भी ग्राम कर्णावत बस्ती आलोट जागीर बस्ती गुराडिया सांगा कढ़ाई आरसीसी रोड के साइड के नाली निर्माण नहीं हुआ जिससे ग्राम का मेला अपनी गंदगी रोड के ऊपर ही फैला है तथा मुख्य मार्ग से लगा हैंडपंप विद्यालय के बच्चे पानी पीते हैं उसमें भी गंदा पानी नाली न होने के कारण हैंडपंप में रिसाव हो रहा है नाली के लिए किसान नेता व पूर्व जनपद सदस्य बालेश्वर आंजना ने भी बार-बार अधिकारियों से बात करने के बाद भी आज तक किसी अधिकारी के कान पर आज तक जू तक नहीं रे।

नाली के लिए बालेश्वर अंजना ने मैं स्वीकृत डीपीआर सहित शिकायत जिलाधीश महोदय संभागीय अधिकारी एवं संबंधित रोड निर्माण कंपनी को भी लिखित में शिकायत की जा चुकी है जिसका परिणाम अभी तक धरातल पर नहीं दिखाई शासन द्वारा अगर नाली निर्माण एस्टीमेट डीपीआर के बाद हुई ठेकेदार द्वारा नहीं कराई जाती और मामला गोलमोल होता है तो संबंधित ग्रामवासी जन आंदोलन धरना एवं अन्य उचित वैधानिक कदम उठाने को मजबूर होंगे अतः बालेश्वर आंजना पूर्व जनपद सदस्य खाचरोद द्वारा एक इंटरव्यू में कहा गया की डीपीआर अनुसार पूरा व्यवस्थित निर्माण एवं ड्राइंग अनुसार आरसीसी रोड के दोनों तरफ नाली निर्माण कराई जाए जो कि जनहित में जनता की मूलभूत समस्या से जूझ रही जनता को निजात मिलेगी।

**-पूर्व जनपद सदस्य बालेश्वर आंजना**

# संघ शताब्दी वर्ष के निमित नगर की 7 बस्तियों में हुए हिंदू सम्मेलन

## हिंदुओं को एकत्रित और संगठित करने किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निर्माण







**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागदा में हिन्दू समाज की एकजुटता, सनातन संस्कृति के सरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। रविवार को नागदा नगर की 7 बस्तियों में ये सम्मेलन अलग-अलग स्थानों पर हुए।

ये सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए। इनमें बस्ती में रहने वाले पूरे हिन्दू समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर पीले चावल, भगवा ध्वज और आमत्रण पत्रक दिए गए थे।

वीर सावरकर,भगत सिंह,माधव, बलराम, महाराणा प्रताप, गुरु नानक,शिवाजी बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए।

इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती शास्त्र पूजन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य और पंच परिवर्तन पर नाटिका जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी स्थानों पर सहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय संत, मातृ शक्तिया, समाजसेवी और अन्य लोग बड़ी सख्या में शामिल हुए।

ये थे वक्ता- भगत सिंह बस्ती में मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह रायसिंह चौधरी थे।

महाराणा प्रताप बस्ती में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संघचालक बलराज भट्ट थे।

वीर सावरकर बस्ती में मुख्य वक्ता नगर संघचालक सुनील जोशी थे।

शिवाजी बस्ती में मुख्य वक्ता जिला प्रचार प्रमुख अतुल उपाध्याय थे।

गुरु नानक बस्ती में मुख्य वक्ता नगर संपर्क प्रमुख मनोज सोनी।

माधव बस्ती में मुख्य वक्ता जगदीश शर्मा।

बलराम बस्ती में मुख्य वक्ता सुरेश काले ।

आज होगा सुभाष बस्ती में हिंदू सम्मेलन

हिन्दू समाज की एकजुटता, सनातन संस्कृति के सरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से आज सुभाष बस्ती में होगा व्यापक हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन।, सुभाष बस्ती के अंतर्गत जवाहर मार्ग, रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, एम जी रोड, तिलक मार्ग, शारदा गली, चिकित्सालय मार्ग की गली, डॉ शर्मा की गली, एप्रोच रोड आते है, यह कार्यक्रम शिव हनुमान मंदिर हॉस्पिटल रोड पर दुपहर 3=30 बजे होगा। यहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारत माता की आरती एवं हिंदू समाजजन का सह भोज भी रहेगा। हिंदू सम्मेलनों समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में समाज जन से सम्मिलित होने का आग्रह किया।

## सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लक्ष्य के प्रति समर्पण व अनुशासित प्रयासों से मिलती है सफलता



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, सकारात्मक सोच और अनुशासित जीवन से सफलता प्राप्त होती है। लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण, समय का सदुपयोग तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान व विश्वास, सफलता के मूल मंत्र हैं। यह प्रेरक विचार कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विवेकानंद यूथ डायलॉग विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। राष्ट्रीय युवा दिवस के एक दिन पहले गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में अर्जित अपनी सफलता के अनुभव साझा किए।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए केवल अधिक पढ़ना नहीं, बल्कि क्या पढ़ना है और क्या नहीं पढ़ना है, यह समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा, ग्रुप डिस्कशन तथा निरंतर आत्ममूल्यांकन हमें सही दिशा प्रदान करते हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने युवाओं को सोशल मीडिया के सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह देते हुए पुस्तकों के माध्यम से गहन अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने उपभोक्तावादी सोच (कंज्यूमरिज्म) को कम करने और ज्ञान, कौशल तथा चरित्र निर्माण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो युवा स्वयं पर निवेश करता है, वही भविष्य का नेतृत्व करता है। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने युवाओं से रचनात्मक सोच विकसित करने, समाज और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## शहरवासियों के साथ कृषक भी गदगद हैं





**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैविक हाट में रसायनमुक्त अनाज, फल, सब्जियां व अन्य उत्पाद पाकर खुश हैं तो प्राकृतिक (जैविक) खाद्यान्न उत्पादक किसान भी अच्छी बिक्री से गदगद हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर यह जैविक हाट (जैविक सेतु) हर रविवार को मेला रोड स्थित कृषि परिसर में लगती है। इस बार की हाट में प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों की 55 हजार रुपए से अधिक की बिक्री हुई । कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शहरवासियों से इस जैविक हाट से रसायनमुक्त खाद्यान्न खरीदने की अपील की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने रविवार को जैविक हाट का अवलोकन किया। साथ ही खरीदी भी की। इसी तरह अन्य अधिकारियों व शहरवासियों ने रसायनमुक्त खाद्यान्न खरीदे। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि इस बार की जैविक हाट में 14 किसान बिक्री के लिये अपने खेतों में जैविक पद्धति से उत्पादित खाद्यान्न लेकर आए थे। जैविक हाट में स्टॉल लगाने के इच्छुक कृषकगण जैविक हाट प्रभारी श्री मलखान सिंह गहलोत पर संपर्क कर सकते हैं। शहरवासियों को पसंद आया फ्लोरा शहद, मिलेट्स की भी खूब हुई बिक्री इस बार की जैविक हाट में एफपीओ विंध्याचल द्वारा उत्पादित फ्लोरा शहद आकर्षण का केन्द्र रहा। शहरवासियों ने इस शहद की खूब खरीदी की। जिले के प्रगतिशील किसान बिलौआ निवासी प्राण सिंह ने 6500 रुपए के जैविक उत्पाद बेचे। जैविक हाट में 7 हजार रुपए के मिलेट्स उत्पाद, 4 हजार रुपए की दालें, एक हजार रुपए का ज्वार का आटा और लगभग 3500 रुपए के वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री हुई।

# किसानों की संस्था पर दबाव की राजनीति!

## फर्जी कर्मचारियों की जांच से घबराकर पूर्व विधायक पर धमकी के गंभीर आरोप



**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसानों के पसीने से बनी नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना और उससे जुड़ा शिवकुमार सिंह मेमोरियल कॉलेज इन दिनों दबाव, धमकी और कथित फर्जीवाड़े के आरोपों को लेकर सुर्खियों में हैं। कारखाने के डेलीगेट उज्जवल पिता रामदास पाटील ने पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह उर्फ 'शेरा भैया' के खिलाफ मुख्यमंत्री सहित सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

डेलीगेट के अनुसार, जैसे ही कारखाने व कॉलेज में फर्जी कर्मचारियों और वेतन घोटाले की जांच शुरू हुई, वैसे ही अधिकारियों और कॉलेज प्राचार्यों पर दबाव बनाने की कोशिशें तेज हो गईं।

जांच रुकवाने के लिए घर बुलाकर बनाया जा रहा दबाव- शिकायत में आरोप है कि पूर्व विधायक द्वारा कारखाने के अधिकारियों और कॉलेज प्राचार्यों को निजी निवास पर बुलाकर कथित रूप से धमकाया जा रहा है।

डेलीगेट का दावा है कि अधिकारियों पर यह दबाव डाला जा रहा है कि वे ऐसे कर्मचारियों को कार्यरत बताकर लिखित सहमति दें, जिन्हें अधिकांश स्टाफ ने कभी देखा तक नहीं।

इतना ही नहीं, यदि कोई अधिकारी या प्राचार्य फोन रिसीव नहीं करता, तो कॉलेज के रिसेप्शन पर कॉल कर जबरन बात करवाई जाती है। इससे कई अधिकारी मानसिक तनाव में हैं और संस्थान छोड़ने तक की स्थिति बन गई है।

चार 'भूतिया कर्मचारी', किसानों के 30 लाख डकारने का आरोप

डेलीगेट उज्जवल पाटील के अनुसार, 2019 से 2024 के बीच चार ऐसे व्यक्तियों को कॉलेज और कारखाने में कर्मचारी दिखाया गया, जो वास्तव में वहां कभी कार्यरत नहीं थे।

इसके बावजूद, कथित राजनीतिक दबाव में उन्हें लगातार वेतन दिया गया। इस पूरे मामले में 25 से 30 लाख रुपये की राशि किसानों की मेहनत की कमाई से निकलने का आरोप है। डेलीगेट का कहना है कि अब जब यह फर्जीवाड़ा जांच के दायरे में आया है, तो उसी जांच को दबाने के लिए दबंगई का सहारा लिया जा रहा है।

डेलीगेट नहीं, फिर भी सिस्टम पर पकड़- शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित पूर्व विधायक वर्तमान में न तो डेलीगेट हैं और न ही किसी वैधानिक पद पर। इसके बावजूद, वे कथित रूप से कारखाने और कॉलेज के प्रशासनिक फैसलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

डेलीगेट का आरोप है कि पूर्व विधायक खुद डिफाल्टर रहे हैं, फिर भी वे पर्दे के पीछे से पूरी व्यवस्था को नियंत्रित करना चाहते हैं।

यह लड़ाई किसी व्यक्ति से नहीं, किसानों के हक की है- डेलीगेट उज्जवल पाटील ने स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत द्वेष का नहीं है।

उनका कहना है कि वे वर्षों से किसान हैं और संस्था से जुड़े रहे हैं, इसलिए किसानों और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है।उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सहकारी संस्थाओं की पवित्रता बनी रहे।

# खेल हमारे जीवन में करते हैं आनंद और उत्साह का संचार - केंद्रीय कृषि मंत्री




**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा इछावर के गंजीबढ़ खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, रस्साकस्सी सहित अनेक खेल प्रतिनियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान मंत्री श्री चौहान ने मैदान पर उतरकर क्रिकेट खेला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही रस्साकसी जैसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आंनद और उत्साह का संचार करते हैं, शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को मजबूत करते हैं और आत्मा को प्रसन्नता से भर देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों के इन लाभों को देखते हुए आगामी वर्ष से और अधिक व्यापक स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और गांव-गांव तक पहुंचकर प्रतिभावन खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को देश की बेटी मेरिकॉम का उदाहरण देकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बड़े से बड़े खिलाड़ी छोटे-छोटे गांवों से निकलते हैं, इसलिए निरंतर मेहनत करते रहें। इस निरंतर मेहनत के बल पर एक दिन आप भी उंचाइयों पर पहुंचेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार भी निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और खेल भावना को सही दिशा देने का एक बड़ा अभियान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए यह महोत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आज यहां अपनी क्षमता दिखा रहे हैं, यही खिलाड़ी आगे चलकर जिले, प्रदेश और देश को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, एकजुटता, मेहनत और सकारात्मक सोच सिखाता है। जीत-हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली जीत उस भावना की होती है जिससे हम मैदान में उतरते हैं।

कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, इछावर नगर नगर परिषद अध्यक्ष श्री देवेंद्र वर्मा, श्री सन्नी महाजन, श्री रवि मालवीय, श्री विष्णु वर्मा, श्री सुरेंद्र मेवाड़ा, श्री जगदीश पटेल, श्री पंकज गुप्ता, श्री कैलाश सुराना सहित अनेक जनप्रतिनिधि, लाड़ली बहनें एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## 10 महीनों में देश के 10 राज्यों में लगाए 6 लाख से अधिक पेड़, आज दे रहे है कई लोगो को रोज़गार



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज के दौर में जब व्यवसाय का मतलब अक्सर मुनाफा कमाना समझा जाता है, वहीं मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के राजपुर नगर के एक युवा ने यह साबित कर दिया कि सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण भी एक सफल बिज़नेस मॉडल बन सकते हैं। संतोष प्रजापत, उम्र 33 वर्ष, एक ऐसा नाम जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक हरित आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। सिर्फ 10 महीनों में उन्होंने देश के 10 राज्यों में 6 लाख से अधिक पेड़ लगवाकर न केवल हरियाली फैलाई, बल्कि कई युवाओं को रोजगार का अवसर भी दिया। 33 वर्षीय संतोष प्रजापत का सफर एनजीओ सेक्टर में वर्षों की सेवा से शुरू हुआ। स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर काम करने के बाद उन्होंने महसूस किया कि वृक्षारोपण सिर्फ एक पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि एक आर्थिक और सामाजिक बदलाव का जरिया भी बन सकता है। इसी सोच को हकीकत में बदलते हुए उन्होंने वर्ष 2024 में ष्सतपुड़ा इनिशिएटिव्सष् नामक संस्था की नींव रखी। उनका उद्देश्य था ÷प्रकृति को बचाना और लोगों को जोड़ना।÷ संतोष ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से कई प्राइवेट कंपनियों को अपने मिशन से जोड़ा। आज उनकी संस्था कंपनियों के साथ मिलकर टेक-ड्रिवन वृक्षारोपण प्रोजेक्ट्स चला रही है, जहां हर पेड़ का जियो टैग, फोटो दस्तावेज, और फॉलोअप सिस्टम होता है संस्था का उद्देश्य केवल वृक्षों का रोपण ही नहीं बल्कि उनकी 3 वर्षो तक देखभाल करना है वृक्षों की नियमित सुरक्षा के लिए संस्था द्वारा फेंसिंग, एवं ड्रिप की व्यवस्था भी करती है एवं 90ः तक जीवंतता की गारंटी देती है । संस्था किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी किसानों को कृषि वानिकी के तहत वृक्षारोपण हेतु प्रेरित कर कृषि भूमि पर भी लाखों पेड़ लगा चुकी है । उनकी पारदर्शिता और परिणाम आधारित काम करने की शैली ने उन्हें विश्वसनीयता दिलाई और इसी के चलते उनकी संस्था को देशभर में 18 से अधिक प्रोजेक्ट चला रही है अब तक संस्था ने गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा एवं नगर हवेली, झारखंड, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में 6 लाख से अधिक वृक्षों का रोपण सफलतापूर्वक किया है। हर राज्य में स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों को जोड़कर स्थायी रोजगार के अवसर भी पैदा किए गए हैं।

# खरगोन की सोलर पावर सहकारी संस्था बनी हरित भविष्य की मशाल



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भोपाल के ऐतिहासिक जंबूरी मैदान में कृषक कल्याण वर्षङ्क2026 के शुभारंभ अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में खरगोन की सोलर पावर विस्तार सहकारी संस्था ने अपनी सशक्त उपस्थिति से हरित ऊर्जा और किसान सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने संस्था द्वारा किए जा रहे नवाचारी सौर ऊर्जा प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे सोलर से आर्थिक एवं पर्यावरणीय जागरूकता के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में गेम-चेंजर मॉडल बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ÷सौर ऊर्जा के माध्यम से किसान को आत्मनिर्भर बनाना ही 2026 के विकसित मध्यप्रदेश की नींव है।÷ वहीं मंत्री श्री विश्वास सारंग ने संस्था को सहकारिता और नवाचार का आदर्श उदाहरण बताते हुए इसके विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में किसानों, सहकारी प्रतिनिधियों एवं ऊर्जा विशेषज्ञों की मौजूदगी ने स्पष्ट कर दिया कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 केवल एक कैलेंडर नहीं, बल्कि गांव-गांव तक उजाले की यात्रा है। सोलर पावर विस्तार सहकारी संस्था इस यात्रा की अग्रिम पंक्ति में खड़ी होकर हर खेत तक सूरज की ताकत पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

सोलर पावर विस्तार सहकारी संस्था के सीईओ हिमांशु कुशवाह ने बताया कि हमारे द्वारा प्रस्तुत सोलर पंप, कृषि-ऊर्जा समाधान और ग्रामीण बिजली आत्मनिर्भरता के मॉडल ने यह सिद्ध कर दिया कि आज का किसान केवल अन्नदाता नहीं, ऊर्जा-दाता भी बन रहा है।

## जिला सहकारीता कर्मचारियों को ई विकास प्रणाली का दिया प्रशिक्षण



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में प्रदेश में किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण हेतु ई- विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली को संपूर्ण प्रदेश में 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ किया जाना है। कलेक्टर महोदया जिला बड़वानी के दिशा निर्देशो के अंतर्गत जिला सहाकरी केंद्रीय बैंक मर्यादित खरगोन के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संध्या रोकडे के मार्ग दर्शन में ई-विकास प्रणाली का विस्तृत प्रचार- प्रसार एवं सुचारु क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषक सदस्यों के ई टोकन जारी करने एवं उर्वरक वितरण समय पर हो एवं पारदर्शिता के साथ उर्वरक की पहुच सुनिश्चित हो के संबंध में बड़वानी क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र की पेक्स सहकारीता कर्मचारियों को ई-विकास पोर्टल पर कार्य करने हेतु बैंक मुख्यालय के अधिकारी श्री राजेश गुप्ता प्रभारी विपणन अधिकारी ,एवं बैंक अधिकारी श्री अशरफ अली सैय्यद एवं अजय आडतिया द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण शाखा बड़वानी में प्रदान किया गया।

# मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जिला स्तर पर हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ को किया रवाना



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के निर्णयानुसार वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि रथ का राज्य स्तरीय शुभारंभ 11 जनवरी 2026 को भोपाल में जंबूरी मैदान से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर-कमलों द्वारा किया गया। किसान भाइयों के सम्मान में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत जिले में कृषि रथ अभियान का शुभारंभ किया गया।

जिला स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र, झाबुआ में भोपाल सेमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर कृषि रथों को रवाना किया गया।

इस अवसर पर बताया गया कि 11 जनवरी 2026 से आगामी एक माह तक जिले के छः विकासखण्डों में छः कृषि रथों के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि व संबद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जाएगा। इस हेतु विकासखंडवार रूट चार्ट तैयार किया गया है। अभियान के अंतर्गत जिले की कुल 375 ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया जाएगा।

मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषि रथों के माध्यम से किसानों के गांवों तक पहुँचकर नवीन, आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों, कृषि एवं संबद्ध विषयों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों के पास सिंचाई की पर्याप्त सुविधा है, उन्हें जायद मौसम की उपयुक्त फसलों की जानकारी दी जाएगी, जिससे किसान उन्नत तकनीक अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। महिला किसान बहनों की कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उन्हें भी विशेष रूप से तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला अध्यक्ष श्री भानु भूरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के विकास के लिए सतत चिंतित है। इसी क्रम में शासन द्वारा ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था लागू की गई है, जिससे किसानों को अब उर्वरक प्राप्त करने हेतु लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा तथा उनके मोबाइल पर ही खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखंडवार रूट चार्ट के अनुसार कृषि रथों के माध्यम से किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाएगी तथा उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

उप संचालक कृषि श्री नगीन सिंह रावत ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि रथ अभियान के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा, जिससे किसानों को कृषि एवं संबद्ध विषयों की वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त होगी।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगण श्री बहादुर सिंह हटिला , श्री हारुभाई, श्री मांगीलाल भूरिया , अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री भास्कर गाचले, परियोजना संचालक आत्मा जी.एस. त्रिवेदी, सहायक संचालक उद्यानिकी बहादुरसिंह चौहान , सहायक संचालक मत्स्य श्री दिलीप सोलंकी तथा कृषि विभाग के जिला एवं मैदानी अधिकारी व बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

